जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा • पिपरिया • सोहागपुर • मुलताई • सारनी • आमला • टिमरनी • खिरकिया

भोपाल, 13 दिसंबर 2025


## अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगरपालिका नर्मदापुरम मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के सपनों को कर रही साकार .....

# सेवा, समर्पण और विकास के गढ़े जा रहे नए कीर्तिमान



प्रदेश के मुखिया डा. मोहन यादव के विकास संकल्प को पूर्ण करने के लिए नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव विकास की इस यात्रा में कदमताल मिलाते हुए नजर आती हैं। सांसदगण, विधायक एवं पार्षदों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग और समन्वय के साथ नर्मदापुरम की विकास यात्रा उस सौपान की ओर बढ़ रही है जहां पर विकास की कीर्ति पताका नर्मदापुरम के सुनहरे भविष्य को गढ़ रही है। विकास की यह बानगी नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के उस सेवा संकल्प को भी पूर्ण करती नजर आती है जिस संकल्प को लेकर वह परिषद की मुखिया बनी थी। नर्मदापुरम में विकास की बयार से आमजन सुखद अनुभूति को प्राप्त कर रहा है। डा. मोहन यादव के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में अभ्युदय मप्र के सफलतम दो वर्ष के इस पड़ाव पर नपाध्यक्ष का यह कहना कि यह सिर्फ आगाज है यह यात्रा निरंतर सक्षम नेतृत्व के साथ मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देगी और नर्मदापुरम भी उस विकास यात्रा में अपनी सहभागिता निभाएगा। **मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के सफलतम दो वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं।**



## मीनाक्षी चौक का हुआ सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण से मिलेगी जाम से निजात



कहते हैं कि यदि दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं होता है। नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव ने जो कहा वह कर दिखाया। हर कार्य में कहीं न कहीं चुनौती होती है लेकिन उस चुनौती को स्वीकार करते हुए उस कार्य को परिषद की सहमति और सहभागिता से बखूबी किया है।

श्रीमती यादव कहती हैं कि प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया सहित और भी अन्य जनप्रतिनिधिगणों के मार्गदर्शन में अधिकारियों के सुझाव को सांझा करते हुए मीनाक्षी चौक का सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण, नए दिव्य और भव्य मंदिर का निर्माण गया है जिसके साक्षी सभी सम्मानीय जनप्रतिनिधिगण और आम नागरिक रहे है।

**यातायात हुआ आसान :** नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में लगातार नगर तीव्र विकास कर रहा है। नगर का सबसे व्यस्तम चौराहा मीनाक्षी चौक है। इटारसी, माखननगर, बांद्राभान सहित सैकड़ों ग्रामों के नागरिक इसी मार्ग से आना जाना करते हैं। बसें भी इसी मार्ग से चलती हैं और नर्मदापुरम् नगर का एक बड़ा हिस्सा हाउसिंग बोर्ड कालोनी, आईटीआई क्षेत्र में निवास रहता था। जब भी कहीं जाओ तो घर से निकलते ही जाम में फंस जाओ। वाहन मीनाक्षी चौक पर रैंगते थे। पूर्व पार्षद महेंद्र यादव के अनुभव के साथ नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण योजना पर कार्य करना शुरू कर दिया था। सबसे बड़ी चुनौती यहां की दुकानों के साथ मंदिर को शिफ्ट करना था।

मीनाक्षी चौक पर मंदिर समिति का गठन कर उनके सदस्यों के सामने हमने अपनी बात रखी और उन्हें हमारी मंशा समझाई और उक्त कार्य को करना शुरू कर दिया । 46.78 लाख की लागत से भव्य मीनाक्षी चौक नए स्वरूप पर में उभर कर सामने आया। विगत 6 माह यह कार्य पूर्ण कर लिया गया। 5 जून 2025 वह दिन आ ही गया था जब नए रूप में मीनाक्षी चौक और भव्य मां राजराजेश्वरी का मंदिर लोकार्पित हुआ। बड़ी संख्या में शहर के नागरिक, जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

**अब नहीं लगेगा जाम, जल्द हटेंगे खंबे :** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि मीनाक्षी चौक के सौंदर्यीकरण के बाद जल्द ही यहां सड़क पर लगे खंबों को हटाया जाएगा। अब नागरिकों को मीनाक्षी चौक पर यातायात अव्यवस्था से रूबरू नहीं होना पड़ेगा।

## आध्यात्म का नया सौपान, 20 करोड़ की लागत से बनेगा नर्मदा लोक कॉरीडोर

मां नर्मदा किनारे 5 किमी के दायरे में बन रहे नर्मदा लोक कोरीडोर का नागरिकों को बेसब्री से इंतजार है। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि नर्मदा कोरीडोर एक विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबिता होगा। 20 करोड़ की लागत से बनने वाले नर्मदा लोक कोरीडोर का कार्य प्रारंभ हो चुका । यह कोरीडोर 5 किलोमीटर लंबा हो जो खरार्घाट से लेकर गोंदरीघाट तक होगा। तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है। टेंडर होते ही कार्य शुरू हो जाएगा। यह नगर के विकास में एक महत्वपूर्ण ऐतहासिक विकास कार्य होगा। कोरीडोर बनने ने केवल धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा बल्कि रोजगार के द्वार भी खुलेंगे। नर्मदा लोक कोरीडोर बनने से नगर का सैलानियों की संख्या में इजाफा होगा तो हर तरह के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी स्वीकृति मिल गई है। साथ ही जल्द कार्य शुरू होने वाला है ।

### खरार्घाट से गोंदरी घाट तक बनेगा नर्मदा लोक

कोरिडोर खरार्घाट से गोंदरी घाट तक बनेगा। जिसमें सेठानी घाट आकर्षण का केंद्र रहेगा। नर्मदालोक कॉरिडोर में घाटों के विस्तार के साथ नगर में धार्मिक वैभव को दर्शने वाले निर्माण भी किए जाएंगे। धार्मिक अध्यात्म और इतिहास के वैभव को अपने में समेटे नर्मदापुरम को स्मार्ट स्वरूप देने की हरसंभव प्रयास किया जाएगा। प्रथम चरण का कार्य शुरू हो चुका है। जिसमें सेठानीघाट और पर्यटन घाट शामिल हैं। सड़कें चौड़ी होंगी, पार्किंग स्थल बनेगा और श्रद्धालुओं के लिए अधिकतम सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

### वास्तुकार टीम ने किया डिजायन व घाट संरचना का निरीक्षण

स्वीकृति जारी की विगत दिनों नर्मदा लोक कोरीडोर के निर्माण के लिए आर्किटेक्चर की टीम ने घाटों का जायजा लिया है। जिन्होंने डिजाइन की व्यवहारता, जल निकासी प्रणाली और मौजूदा घाट की संरचना का अवलोकन किया है। ध्यान रहे कि जो आर्किटेक्चर टीम ने निरीक्षण किया है वे भारत के संसद भवन के निर्माण की टीम में शामिल थे। विशेष पहचान के रूप में उभरेगा नर्मदापुरम् धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किए जाएंगे। जिनमें मां नर्मदा के नाम से पार्क बनाए जाएंगे। सड़कों का नामकरण, जगह-जगह फव्वारें लगाना, दीवारों पर नर्मदा के संस्कृति और सभ्यता को दिखाने वाले चित्रों का निर्माण, नर्मदा किनारे के मंदिरों का विकास, संरक्षण के साथ जीर्णोद्धार किया जाना है । मंगलवारा घाट, पर्यटन घाट, विवेकानंद घाट समेत विकसित घाटों का उन्नयन होगा। इसके लिए नर्मदा के नाम से वाटिका व पार्क बनाए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक यहां ऐसे पौधे लगाए जाएंगे जो कि पर्यावरण से जल अवशोषित कर पनपते हैं। सड़कों का नामकरण, जगह-जगह फव्वारें लगाना, दीवारों पर नर्मदा के संस्कृति और सभ्यता को दिखाने वाले चित्रों का निर्माण, नर्मदा किनारे के मंदिरों का विकास, संरक्षण के साथ जीर्णोद्धार किया जाएगा। अब शीघ्र ही कारिडोर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### तीन चरणों में पूर्ण होगा नर्मदा लोक का निर्माण कार्य

नर्मदा कारिडोर का निर्माण चरणों में पूरा होगा। इसमें नदी संरक्षण के साथ सड़कों का मास्टर प्लान तैयार होगा। प्रथम चरण में बाढ़ के हालातों को देखते हुए नर्मदा के जलस्तर का अध्ययन विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया जा रहा है। तीसरे चरण में इकोलाजिकल सिस्टम को विकसित किया जाएगा। नर्मदा को प्रदुषण मुक्त रखने के लिए एसटीपी प्लांट स्थापित किए जाएंगे। नर्मदा नदी के घाटों पर नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए भी रहने, स्नान दान पुण्य आदि सुविधाओं को व्यवस्थित किया जाएगा।

## पांच करोड़ से अधिक की राशि बन रहा अत्याधुनिक बस स्टेंड



नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में लगातार विकास की गाथा को लिखने के लिए नर्मदापुरम् नगर तैयार है। यहां नर्मदा लोक कोरीडोर, चौक चौराहों के चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण के साथ ही नगर के सबसे महत्वपूर्ण बस स्टैंड का अत्याधुनिक तरीके से निर्माण किया जा रहा है। करीब 5 करोड़ की लागत से बन रहे बस स्टेंड में अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी । यह संभागीय मुख्यालय होने के कारण नर्मदा के लिए बस स्टेंड बेहद खास है । प्रतिदिन इस बस स्टेंड से 250 से ज्यादा बसों का आवागमन होता है, जो कि प्रदेश के अन्य जिलों में जाती है। नर्मदा लोक कोरीडोर बन जाने से जिला धार्मिक पर्यटन के रूप में और अधिक गति से उभर कर सामने आएगा। चूंकि यह जिला पहले से ही धार्मिक पर्यटन की श्रेणी में आता है। प्रति माह अमावस्या और पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं और मां नर्मदा में स्नान करते हैं। समय की मांग के अनुसार भी स्थानीय नगरीय निकाय द्वारा बस स्टैंड का निर्माण नए तरीके से किया जा रहा है। जिसमें यात्रियों की राह आसान हो जाएगी। इस बस स्टैंड से प्रतिदिन 250 से ज्यादा बसों का संचालन होता है जिसमें इंदौर, भोपाल, इटारसी, पिपरिया, सिवनीमालवा, खंडवा, छिंदवाड़ा, बैतूल, रायसेन, सीहोर और ग्रामीणों क्षेत्र में बसें जाती है जिनमें सैकड़ों यात्री आना जाना करते हैं । वास्तविक रूप से देखा जाए तो बस स्टेंड समय की मांग है। लाखों यात्रियों, विद्यार्थियों और व्यापारियों के लिए यह बस स्टेंड किसी वरदान से कम नहीं होगा।

## स्वच्छ नर्मदापुरम स्वस्थ नर्मदापुरम

## नपाध्यक्ष व सीएमओ ने स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत कार्यालय की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश





होशंगाबाद से नर्मदापुरम् का सफर तय करने वाली नगरपालिका परिषद विकास कार्यों के साथ ही सामाजिक सरोकार के कार्यों से नागरिकों में जनजागरुकता भी जगा रही है। विगत तीन सालों में शहर का नक्शा बदल गया है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव द्वारा पर जैसे दो अक्टूबर गांधी शास्त्री जयंती, महाराणा प्रताप जयंती, पं. दीनदयाल जयंती, डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जयंती, देवी अहिल्याबाई जयंती आदि के साथ धार्मिक आयोजनों से जैसे जन्माष्टमी, दीपावली, होली, दशहरा, नर्मदा जयंती महोत्सव, रामजीबाबा मेला आदि में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंती हैं। साथ ही महापुरूषों द्वारा आमजन के हित में किए गए सेवा समर्पण के कार्यों को भी बताती हैं। अभी हाल ही में सिंदूर यात्रा और तिरंगा यात्रा के दौरान उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इतना नहीं उन्होंने स्कूटी पर बैठकर हाथ में तिरंगा लिए जोश जज्बा जगाया । उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए स्वच्छ भारत अभियान में भी बढ़चढ़कर कर हिस्सा लेती हैं। नगर की सफाई हो या कार्यालय की वे स्वयं ही झाड़ू उठाकर सफाई अभियान प्रारंभ कर देती हैं। नगरपालिका के कर्मचारी अधिकारियों से भी कहती हैं कि वे अपना केबिन साफ स्वच्छ रखें। हमारा कार्यालय साफ होगा तो कार्यों करने में गति आएगी। मन में जो भी उन्होंने ठाना है उसे कर दिखाया है। लगातार सामाजिक सरोकार के कार्यों में जुड़े रहना भी उनका अपना अनूठा शौक है। वे अपना परिवार के दायित्व के साथ ही नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष बन समूचे नगर की जिम्मेदारी भी निभा रहीं हैं । जोश और ऊर्जा से भरपूर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव अपने कार्य के लिए बेहद संवेदनशील हैं यह आगामी राजनेता के होने के संकेत मिलते हैं ।

## नपाध्यक्ष व सीएमओ के बेहतर तालमेल से हो रहा विकास

शासन और प्रशासन सिक्के के दो पहलु की तरह होते हैं। शासन में जहां जनप्रतिनिधि जनता के प्रति अपनी जबावदारी निभाता है वहीं प्रशासन में अधिकारी विकास के प्रति अपनी जबावदेही सुनिश्चित करता है। नगरीय विकास में नगरपालिका की महत्ती भूमिका होती है। नगर की प्रथम नागरिक के रूप में नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव जहां अपनी परिषद के साथियों के परामर्श से शहर के विकास के लिए कृतसंकल्पित नजर आती हैं। वहीं सोने पे सुहागा के रूप में उन्हें एक योग्य और दक्ष प्रशासनिक अधिकारी के रूप में सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरी पटले का पूरा साथ मिल रहा है। श्रीमती यादव और श्रीमती पटले की इस युति ने नगर विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। चाहे मीनाक्षी चौक जैसे क्षेत्र का चौड़ीकरण हो अथवा नगर की अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्य हों। एक बेहतर समन्वय से ही आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरा जा सकता है। जिसका सजीव उदाहरण नर्मदापुरम नगरपालिका परिषद है। जहां अध्यक्ष केसाथ सभी पार्षदों का तालमेल और समन्वय नगर के विकास में झलकता है।



**सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरी पटले** का कहना था कि नगर विकास को लेकर हमारा एजेंटा स्पष्ट है कि शहर में विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसके लिए ठेकेदारों को समयसीमा में कार्य करने के निर्देश दिए जाते हैं और गुणवत्ता में कमी पर ठेकेदार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाती है। शासन की हितग्राही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम तबके तक पहुंचे इसके लिए पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति है। अब तक 239 आवासों की स्वीकृति हेतु शासन को सूची भेजी है। स्वीकृति मिलते ही हितग्राहियों के खाते में राशि मिल जाएगी। शहर में अमृत योजना अंतर्गत पाइप लाइन विछाई जा रही है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत , पार्किंग, यातायात, सौंदर्यीकरण कार्य हो रहा है। साथ ही शहर के विकास के लिए हम संकल्पित भावना से कार्य कर रहे हैं। जनता का सहयोग भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमने बिना किसी विवाद के शहर के सबसे व्यवस्ततम चौक मीनाक्षी चौराहे का चौड़ीकरण किया वहीं जनभागीदारी व सहभागिता की भावना के साथ राजघाट सहित शहर के विभिन्न घाटों पर सफाई अभियान भी सफलता पूर्वक चलाया गया। आमजन की समस्याओं को सुनने और निवारण के लिए प्रति गुरुवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रभारी मंत्री के साथ किया श्रमदान



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को नगरपालिका ने एक आंदोलन के रूप लिया। जिसमें प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी,राज्यसभा सांसद माया नारोलिया,विधायकगण डॉ. सीतासरन शर्मा,विजयपाल सिंह सहित पार्षदों एवं सीएमओ की सहभागिता रही। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने स्वयं अपनी टीम के साथ श्रमदान किया। नगरपालिका द्वारा चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नर्मदा के घाटों खासकर राजघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसी तरह प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर के फेफर ताल स्थित तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य में श्रमदान किया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए जल स्रोत सूख रहे हैं। एवं वाटर लेवल नीचे जा रहा है तो हम सब जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए श्रमदान करें। हर व्यक्ति फावड़ा उठाकर तालाब गहरीकरण का कार्य करें। जो कुएं एवं बावड़ी सूख चुकी है वहां पर माफ सफाई कर गहरीकरण कर उसे पेयजल योग्य बनाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारे देखते ही देखते बहुत परिवर्तन हुआ है । हम सब पानी प्राप्त करने के लिए बोरिंग कर देते हैं लेकिन इससे समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता है क्योंकि जितने ज्यादा लोग बोरिंग करेंगे उतना ही पानी का स्तर कम होता जाएगा और आने वाले समय में हमें जल संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि हम सब अपने घरों में रिचार्ज बोरिंग बनाएं। जिससे वेस्ट पानी वापस जमीन में जाए और भूमि का जलस्तर पर्याप्त बना रहे। हम फेफर ताल स्थित तालाब को एक वृहद स्तर का रूप दें, उसे सुंदर बनाएं, तालाब का वाटर लेवल बढ़ाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हम सबको भविष्य में जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए हमारा दायित्व है कि हम सबकी भूमिका जल बचाने वाले की हो।



## नए रूप में दिखेगा रामलीला मैदान हो सकेंगे डे-नाइट टूर्नामेंट



वार्ड नंबर 04 में स्थित श्रीराम लीला मैदान जिसे लेंडिया बाजार मैदान कहा जाता है। वर्ष में अनेक आयोजन होते हैं जिसमें मुख्य रूप से मेघनाथ रावण के पुतलों का दहन दशहरे पर किया जाता है। दशहरे का मुख्य आयोजन इसी मैदान पर होता है । यह मैदान सब्जी मंडी के नजदीक होने के कारण यहां कचरे का अंबार लगा रहता था । बाजार में जो सब्जियों के अवशेष बचते उन्हें सब्जी व्यापारी इसी मैदान पर फैंक देते थे। इस क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल हो गया था। जब वार्डवासियों ने इसकी शिकायत की और नए भव्य रूप में रामलीला मैदान को विकसित करने की मांग उठने लगी तो इस समस्या के समाधान के लिए मंथन शुरू हो गया । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं उनकी परिषद द्वारा बैठक आयोजित कर इसे नए रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। इस मैदान में जहां कभी पानी भरा रहता था अब वर्तमान में उसकी 4 फिट अधिक फीलिंग की गई है। इस योजना लाख की राशि से स्टेडियम का निर्माण शुरू हो गया। करीब एक वर्ष पूर्व स्वीकृत हुए भव्य स्टेडियम का निर्माण अंतिम दौर में चल रहा है। जहां कभी गंदगी का अंबार लगा रहता था अब वहां स्वच्छता बरकरार रहेगी और खेल प्रेमियों के लिए खास बात यह है कि यहां हरेक खेल के दिन रात में होने वाले टूर्नामेंट हो सकेंगे। इस स्टेडियम के बन जाने जहां इस क्षेत्र में चार चांद लग गए हैं वहीं यहां के नागरिक विधायक और नगरपालिका अध्यक्ष की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए नहीं थकते। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव बताती हैं कि जल्द ही हम एक भव्य कार्यक्रम आयोजित यह स्टेडियम नागरिकों को सौंप देंगे । स्टेडियम बनवाने पर वार्ड पार्षद राजकुमारी पूनम मेषकर द्वारा विधायक डॉ सीताशरण शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव का आभार माना है।

# श्रेष्ठ बीज के साथ उन्नत तकनीक से किसान कर सकते हैं बेहतर फसल उत्पादन

## गेहूं बीज उत्पादन में अपनाएं यह तकनीक

हमारे प्रदेश में गेहूँ की औसत उत्पादक्ता वर्तमान में उपलब्ध किस्मों की पैदावार क्षमता से बहुत कम है। अतः गेहूं की औसत उत्पादक्ता में वृद्धि बहुत आसानी हो सकती है यदि क्षेत्रवार उपयुक्त प्रजातियों का चयन कर बोने का समय, बोने का तरीका तथा पौषक तत्व प्रबंधन, सिचाई, खरपतवार प्रबंधन एवं फसल संरक्षण की सम्पूर्ण जानकारी किसानों को हो। उत्पादक्ता वृद्धि में नवीन किस्मों के प्रसार की अहम भूमिका है। इसमें किसानों के बीच में प्रचार एवं गुणवत्ता युक्त बीज की समय पर उपलब्धता सबसे महत्व पूर्ण हैं। बीज उत्पादक किसानों को बीज उत्पादन तकनीक का सम्पूर्ण ज्ञान होना अति आवश्यक है। फसल उत्पादन से बीज उत्पादन में जो भिन्नताएं है, बीज उत्पादक किसानों को, उसकी पूरी जानकारी होना चाहिये तभी उच्च गुणवत्ता युक्त बीज तैयार किया जा सकता है।



**भूमि का चयन :-** बीज उत्पादक के लिये प्रथम एवं महत्वपूर्ण कदम खेत का चयन है। कृषक को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए की गत मौसम और वर्ष में बोई गई फसल या अन्य कोई फसल जो बीज उत्पादन के लिए मानको के अनुरूप नहीं होने के कारण निरस्त किया गया हों ऐसे खेत का चयन नहीं करें। क्योंकि पूर्व फसल जैसे चना, जौ, जई या गेहूँ के बीज झडने से इनके पौधे बीज (अन्य प्रजातियों के) फसल में उग आते है, जो कि बीज फसल में आपत्तिजनक है। गेहूं का बीज उत्पादन दोमट मिट्टी से लेकर गहरी काली मिट्टी तक सभी प्रकार की मिट्टी मे किया जा सकता है।

**खेत की तैयारी :-** गेहूं बीज फसल की बुवाई के लिये खेत की तैयारी इस प्रकार से कि जावें, जिससे मिट्टी महीन या भुरभरी हों। पौधो की जड़ें गहराई तक जा सके एवं जडों को उचित मात्रा में वायु प्राप्त होती रहें।

**बीज क्रय :-** गेहूं बीज उत्पादन के लिए किसी भी विश्वसनीय बीज उत्पादक संस्था, जो बीज उत्पादन के लिए प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकृत हो, उससे प्रजनक एवं आधार बीज क्रय कर सकते है। बुआई के पूर्व बीज की अंकुरण क्षमता न्यूनतम 85 प्रतिशत अवश्य हो ज्ञात करें। प्रत्येक बोरी में से थोडा बीज निकाल कर उन्हें तीन जगह गीली बोरी, धुली हुई या धूली हुई रेत अथवा टावेल पेपर में रखकर औसत अंकुरण क्षमता का आकलन करें।

**बीज उपचार :-** रोग नियंत्रण हेतुः रोग के बचाव हेतु 2 ग्राम थायरम व 1 ग्राम कार्बेन्डाजिम के मिश्रण से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। या ट्राइकोडर्मा विरडी की 5 ग्राम मात्रा प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित करें।

**बुवाई का समय :-** अर्धसिंचित गेहूँ बीज फसल की बुवाई नवम्बर के प्रथम सप्ताह से नवम्बर अंत तक कर देनी चाहिए। सिंचित क्षेत्रो में नवम्बर के द्वत्तीय पखवाडे से दिसम्बर प्रथम सप्ताह में करना चाहिएं। जल्दी बोनी करते समय यदि ठंड नहीं होगी तो गेहूं बाली जल्दी निकाल देगा एवं बाली छोटी रह जाएगी जिससे उत्पादन कम मिलेगा ।

**बुवाई की विधि :-** बुआई से पूर्व सीडड्रील की अच्छी तरह से साफ-सफाई कर ली जायें। जहाँ तक संभव हो सुखे में बौनी करे, बीज को 4-5 से.मी. की गहराई पर बुआई करें। इस हेतु सीडड्रिल का समायोजन करना सुनिश्चित करें। रासायनिक खाद को बीज के साथ मिलाकर न बोएं इस हेतु सीड कम फर्टीड्रिल का उपयोग करें। क्षेत्रवार अनुशंसित रोगरोधी प्रजातियों तथा प्रजनक एवं आधार बीजो का चुनाव करे। पौध संख्या 100 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से रखें। आधार एवं प्रमाणित गेहूँ बीज उत्पादन हेतु फसल की बुआई इस तरह की जायें की खेत को चारो तरफ अन्य गेहूं फसल से 3 मीटर एव कडंवा रोग पाये जाने पर रोग प्रभावित खेत से 150 मीटर की दूरी बनी रहे।

**खाद एवं उर्वरक :** उर्वरकों का उपयोग मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही किया जाना चाहिए। समय पर बौये जाने वाले सिंचित गेहूं बीज की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए 120-125 किलोग्राम नत्रजन, 60 किलोग्राम फास्फोरस, 40 किलोग्राम पोटाश व 25 किलोग्राम जिंक प्रति हेक्ट, की दर से उपयोग करें एवं जिप्सम बी 2.5 क्विंटल प्रति हेक्ट. मात्रा का उपयोग करें । देरी से बौये जाने वाले सिंचित गेहूं बीज की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए 80-100 किलोग्राम नत्रजन, 50 किलोग्राम फास्फोरस, 30 किलोग्राम पोटाश व 25 किलोग्राम जिंक प्रति हेक्ट की दर से उपयोग करें। समय पर बोए जाने वाले अर्धसिंचित गेहूं बीज की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए 60 किलोग्राम नत्रजन, 40 किलोग्राम फास्फोरस, 20 किलोग्राम पोटाश व 25 किलोग्राम जिंक प्रति हेक्ट की दर से उपयोग करें।

**फसल सुरक्षा, प्रमुख रोग एवं नियंत्रण : गेरूआ रोग :** तना गेरूआ यह रोग पक्सीनिया ग्रेमिनिस ट्रिटिसाई नामक कवक के कारण होता है यह रोग पत्तियों एवं तने पर गहरे भूरे रंग के लम्बे धब्बों के रूप में आता है जिनमें बीजाणुधानी पुंजो के बाह्य त्वचा पर चाँदी के रंग के धब्बे होते है। पौधे की बाली पर भी धब्बे उत्पन्न हो सकते है । **पर्ण गेरूआ पक्सीनिया ट्रिटिसाईना** नामक कवक से उत्पन्न होता है। इस रोग के लक्षण पत्तियों पर फैले अण्डाकार, भूरे रंग के धब्बो के रूप में दिखाई पड़ते है। धारीदार गेरूआ रोग के लक्षण पत्तियों की शिराओं के साथ साथ चलने वाली स्फोटों की पीले रंग की धारियों के रूप में दिखाई पड़ते है। पौधे के तने पर्णाच्छद एवं बाली पर भी ऐसे धब्बे दिखाई पड़ सकते है। ये रोग पक्सीनिया स्ट्राईफॉर्मिस नामक कवक से उत्पन होता है। विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रो के लिए संतुस्त गेरूआ रोगीरोधी किस्मों का प्रयोग । स्फोटों के दिखाई पड़ने पर 0.1 प्रतिशत प्रोपीकोनेजोल (टिल्ट 25 ई सी) का एक या दो बार पत्तियों पर छिडकाव करें ।

## चना फसल उत्पादन में किसान रखें इन बातों का ध्यान

भारत में चना उत्पादक राज्यों में क्षेत्रफल एवं उत्पादन की दृष्टि से मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। प्रदेश में देशी, काबुली ओर गुलाबी चने की खेती सफलतापूर्वक की जा रहा है। चने की नवीन किस्मों की उत्पादन क्षमता 20-26 क्वि, प्रति हेक्ट. से बहुत कम है, जिसको उन्नत तकनीक, अधीक पैदावार देने वाली उन्नत किस्मों का चयन एवं प्रमाणित बीज का उपयोग कर इस अन्तर को कम किया जा सकता है।



**भूमि का चयन :-** बीज उत्पादक के लिये प्रथम एवं महत्वपूर्ण कदम खेत का चयन है। कृषक को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए की गत मौसम और वर्ष में बोई गई फसल या अन्य कोई किस्म जो बीज उत्पादन के लिए मानकों के अनुरूप नहीं होने के कारण निरस्त किया गया हों ऐसे खेत का चयन नहीं करें। क्योंकि गत फसल व किस्म के बीज झडने से आगामी फसल में भिन्न पोधे बीज फसल में उग आते है। चने की खेती दोमट मिट्टी से लेकर काली चिकनी मिट्टीयों तक सभी प्रकार की मिट्टी में की जा सकती है।

**खेत की तैयारी :-**चना बीज फसल की बुवाई के लिये खेत की तैयारी इस प्रकार से कि जावें, वह बहुत ज्यादा महीन या भुरभरी न होकर ढेलेदार हों। जिससे पौधों की जड़ों में जीवाणुओं को उचित मात्रा में वायु प्राप्त होती रहें। जिससे उनकी नत्रजन एकत्रीकरण की क्रिया सुगमता पूर्वक चलती रहें। बुवाई के लिएए खेत को तैयार करते सयम 02 से 03 जुताई कर पाटा लगाऐं। जिससे नमी लम्बे समय तक संरक्षित रहें।

**बीज क्रय :-** चना बीज उत्पादन के लिए किसी भी बीज उत्पादक संस्था जो बीज उत्पादन के लिए प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकृत हो, जिससे प्रजनक एवं आधार बीज कय कर सकते है। बीज कय का पक्का बिल, बुवाई उपरान्त समस्त खाली बेग, बेग पर लगी सील एवं टैग को संभाल कर रखें, जिससे फसल निरीक्षण के समय बीज की संतति का सत्यापन किया जा सके। बुआई के पूर्व बीज की अंकुरण क्षमता न्यूनतम 85 प्रतिशत अवश्य हो ज्ञात करें। इसके लिये 100 बीज तीन जगह प्रत्येक बोरी में से थोडा थोडा निकाल कर उन्हें तीन जगह गीली बोरी, धुली हुई रेत एवं केव पेपर में रखकर औसत अंकुरण क्षमता का आकलन करें।

**बीज उपचारः-** रोग नियंत्रण हेतु उकठा एवं जड़ सड़न रोग के बचाव हेतु 2 ग्राम धायरम व ग्राम कार्बन्डाजिम या ट्राईकोडर्मा विरडी 5 ग्राम के मिश्रण से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। कीट नियंत्रण हेतु थायोमेथोक्लाम 70 डब्ल्यू पी 3 ग्राम/किलों बीज की दर से उपचारित करें।

**बुवाई का समयः-** असिंचित अवस्था में चना बीज फसल बुवाई अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह तक कर देनी चाहिए। सिंचित क्षेत्रो में नवम्बर के प्रथम पखवाडे में करना चाहिए। बुवाई में अधिक विलम्ब करने पर पैदावार कम हो जाती है। तथा फसल में चना फली भेदक का प्रकोप भी अधिक होने की सम्भावना बनी रहती है। अतः अक्टूबर का प्रथम सप्ताह चना की बुआई के लिए सर्वोत्तम होता है।

**बुवाई की विधिः-** बुआई से पूर्व सीड़ ड्रील की अच्छी तरह से साफ-सफाई कर ली जायें। बीज को 4-5 से.मी. की गहराई पर बुआई करें इस हेतु सीड्रील का समायोजन करना सुनिश्चित करें। रासायनिक खाद को बीज के साथ मिलाकर न बोयें। क्षेत्रवार संस्तुत रोगरोधी प्रजातियों तथा आधार एवं प्रमाणित बीजो का चुनाव करें। समुचित नमी में सीडड्रिल से बुवाई करें। खेत में नमी कम हो तो बीज को नमी के सम्पर्क में लाने के लिए बुवाई गहराई में करें तथा पाटा लगायें। पौध संख्या 25 से 30 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से रखें। पंक्तियों (कुंडो) के बीच की दूरी 30 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. रखें।

**खाद एवं उर्वरक :-** उर्वरकों का उपयोग मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही किया जाना चाहिए। चना के पौधों की जड़ो में पायी जाने वाली ग्रंथियों में नत्रजन स्थिरीकरण जीवाणु पाये जाते है जो वायुमण्डल से नत्रजन अवशोषित कर लेते है तथा इस नत्रजन का उपयोग पौधे अपनी वृद्धि हेतु करते हैं। अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए 20-25 किलोग्राम नत्रजन 50-60 किलोग्राम फास्फोरस 20 किलोग्राम पोटाश व 20 किलोग्राम गंथक प्रति 5 हेक्ट. की दर से उपयोग करें।

**इल्ली का समेकीत कीट प्रबंधन :** यौन आकर्षण जाल (सेक्स फेरोमोन ट्रैप) इसका प्रयोग कीट का प्रकोप बढ़ने से पहले चेतावनी के रूप में करते है। जब नर कीटों की संख्या प्रति रात्रि प्रति ट्रैप 4-5 तक पहुंचने लगे तो समझना चाहिए कि अब कीट नियंत्रण जरूरी। इसमें उपब्ध रसायन (सेप्टा) की और कीट आकर्षित होते हैं। और विशेष रूप से बनी कीप (फनल) में फिसलकर नीचे लगी पॉलीथीन में एकत्र हो जाते है।

## किसान इस तकनीक से करें सोयाबीन की खेती

मध्यप्रदेश में सोयाबीन खरीफ की एक प्रमुख फसल है, जिसकी खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। जो कि एशिया की औसत उत्पादन 15 क्विंटल प्रति हेक्टयर की तुलना में काफी कम है। उच्च गुणवत्ता युक्त पर्याप्त मात्रा में बीज बनाकर बीज प्रतिस्थापन दर में वृद्धि करना एक चुनोती हैं। बीज उन्नत खेती का एक प्रमुख आदान है। उच्च गुणवत्ता वाले बीज कुल उत्पादन में लगभग 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि कर सकते है। बीज प्रमाणीकरण संस्था, शुद्ध एवं उच्च गुणवत्ता युक्त बीज कृषको तक समय पर पहुंचें इस महत्वपूर्ण कार्य के साथ-साथ नई अधिसूचित किस्मों का त्वरित विस्तार करने में सहयोग प्रदान करता है ।



**जलवायु :** सोयाबीन की अच्छी वृद्धि एवं उपज के लिये गर्म एवं नर्म जलवायु की आवश्यकता होती है सोयाबीन के बीजों के अंकुरण होने के लिये लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तथा फसल के बढ़वार के लिये लगभग 25 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान की आवश्यकता होती है। सोयाबीन की अच्छी फसल के लिये वार्षिक वर्षा 60 से 70 सेमी होनी चाहिए।

**भूमि का चयन :-** बीज उत्पादक के लिये प्रथम एवं महत्वपूर्ण कदम खेत का चयन है। कृषक को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि गत मौसम और वर्ष में बोई गई फसल या अन्य कोई किस्म जो बीज उत्पादन के लिए मानको के अनुरूप नहीं होने के कारण निरस्त किया गया हों ऐसे खेत का चयन नहीं करना चाहिए। सोयाबीन की खेती के लिए उपजाऊ, अच्छे जल निकास वाली, लवण रहित, मध्यम से भारी दोमट मिट्टी की आवश्यकता होती है। यह भी सुनिश्चित कर लिया जायें कि बीज फसल में सिचाई करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था हों, अतः बीज फसल में पानी की कमी होने से बीज की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

**मिट्टी परीक्षण :-** संतुलित उर्वरक प्रबंधक एवं मृदा स्वास्थ्य हेतु मिट्टी का मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फूर पोटाश, द्धितियक पोषक तत्व जैसे सल्फर, केल्शियन, मेगनेशियम एवं सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जस्ता, ताबा,लोहा, मेगनीज, मोलिब्डिनम, बोरांन साथ ही पी.एच.ई.सी. एवं कार्बनिक द्रव्य का परीक्षण करायें।

**समय पर बुआई-** जुन के अन्तिम सप्ताह के प्रथम सप्ताह के मध्य लगभग 4 इन्च वर्षा होने पर बुआई करें। बीज को 3-4 से.मी. की गहराई पर बुआई करें इस हेतु सीडड्रिल का समायोजन बुआई से पूर्व सीड़ ड्रील की अच्छी तरह से साफ-सफाई कर ली जायें। करना सुनिश्चित करें। रासायनिक खाद को बीज के साथ मिलाकर न बोये। बोनी कतारों में करना चाहिए जिससे दिखाई दे रहे भिन्न पोधों को सुगमता से उखाड़ कर नष्ट किया जा सकें।




श्रेष्ठ फसल उत्पादन के लिए इन संस्थानों पर संपर्क कर गुणवत्तापूर्ण बीज प्राप्त किए जा सकते हैं :-

सरुपी बीज बाबई

शुभम एग्रीटेक बाबई

तिरुपति सीड्स माखननगर

रिलायबल एग्रो डेवलपर्स एंड हर्बल एक्सपर्ट खुटवासा सिवनी मालवा

तवा प्रिया फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बानापुरा सिवनी मालवा

जय शिवा एग्रीटेक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड पिपरिया

# विकास पथ पर निरंतर अग्रसर नर्मदापुरम जिला

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास के अभ्युदय के दो वर्ष पूर्ण होने जा रहे है। इत्तेफाक से जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना का कार्यकाल भी आगामी माह में दो वर्ष पूर्ण होगा। इन दो वर्षों में निश्चित ही जिले में विकास के पंख ने सफलता के आसमान में नई उड़ान भरी है। पर्यटन, कृषि उत्पादन का क्षेत्र हो या फिर अधोसंरचना विकास के साथ औद्योगिक क्रांति पिछले दो साल में जिले ने नए कीर्तिमान गढ़े गए। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सरकार की प्राथमिकता में रहा है। जिसके लिए जिला प्रशासन भी प्रतिबद्ध रहते हुए योजना क्रियान्वयन में जुटा रहा। परिणामस्वरूप रोजगार के अवसर बढ़े है तो शासन की हितग्राही योजनाओं का लाभ भी अंतिम तबके तक पहुंचने प्रशासन सजग रहा है।

**जिले में विकास को लेकर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से जागरण ने चर्चा की।**



कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि नर्मदापुरम में **छठा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव** का आयोजन किया गया था जिसमें 30,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। निवेश प्रोत्साहन के लिए 23 इकाइयों को भूमि आवंटित की गई है, जिससे 18,126 करोड़ का निवेश होगा और 24,277 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। जिले में ये एक नई क्रांति का आगाज है जिसके सुखद परिणाम आने वाले समय में दिखेंगे। सुश्री मीना ने बताया कि जब किसी क्षेत्र में औद्योगिक इकाई आती है तो न सिर्फ उस इकाई से रोजगार मिलता है बल्कि संपूर्ण बाजार क्षेत्र की अर्थ व्यवस्था में सुधार होता है। कई छोटी आनुषांगिक इकाइयों के माध्यम से भी व्यवसाय में वृद्धि होती है। आने वाले समय में नर्मदापुरम का मोहासा औद्योगिक क्षेत्र जिले की एकोनामी का प्रमुख आधार बनेगा। हमारा लक्ष्य है हर योग्य युवा के पास रोजगार हो अभी भी **मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत** 145 लाभार्थियों को 913 लाख का ऋण दिया गया है रोजगार मेलों के माध्यम से 5,768 युवाओं को रोजगार दिया गया है।





**हमारा कृषि प्रधान जिला** है। जिले का 93 प्रतिशत कृषि क्षेत्र सिंचित है, हमारा लक्ष्य है कि अगले एक वर्ष में जिले का 100 प्रतिशत क्षेत्र सिंचित हो जाएगा। जिले में **दूधी परियोजना** का कार्य प्रगति पर है 2,631.74 करोड़ की लागत से कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। वहीं **झाड़बीड़ा उद्वहन सिंचाई परियोजना** भी 177.59 करोड़ की लागत से शुरू हुई है, जिससे 79 गांवों के 15,610 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

हमारे अन्नदाता की मेहनत के दम पर **जिला फसल उत्पादन में भी अग्रणीय है।** धान और गेहूँ की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता प्रदेश में सर्वाधिक है तो वहीं ग्रीष्म कालीन मूंग की पैदावार में नर्मदापुरम जिला देश में अग्रणी है। शासन की नीति के अनुरूप **उपार्जन में भी जिला अग्रणीय रहता है।** खरीफ में 1,66,265 मीट्रिक टन और रबी में 3,83,022 मीट्रिक टन की खरीदी की गई, जिसका कुल भुगतान 1378.26 करोड़ किसानों को सीधे खाते में भुगतान किया गया। कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद में **जिले का लक्ष्य पर्यटन संवर्धन** था हम गर्व से कह सकते है पिछले वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में जिले ने आशान्वित सफलता प्रदान की है जिले को ग्रामीण पर्यटन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी मिला है। पचमढ़ी उत्सव जैसे आयोजन जिले में सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है तो वहीं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में भी पर्यटकों की लगातार बढ़ रही संख्या इस बात का द्योतक है कि पर्यावरण के क्षेत्र में जिला नक्षत्र के तरह उभर रहा है। **धार्मिक पर्यटन** में भी जिले में सैलानियों की संख्या बढ़ी है और पचमढ़ी में नागद्वारी मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की है वहीं बांद्राभान मेला और नर्मदा जयंती जैसे धार्मिक आयोजन जिले की पहचान है और इस पहचान को धार्मिक पर्यटन में बदलने के लिए भी जिला प्रशासन सतत कार्य कर रहा है। न सिर्फ सैलानियों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है बल्कि प्रकति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता झलकती है। पचमढ़ी में आयोजित नागद्धवारी मेला को ग्रीन इवेंट के रूप में प्लास्टिक मुक्त बनाया गया। जिले में लगातार फिल्मों की शूटिंग से **फिल्म पर्यटन** भी नए आयाम गढ़ रहा है।





जिले में कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि जिले में शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने जिला प्रशासन सदैव सजग रहा है।

परिणामस्वरूप **मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना :** 2,13,370 महिलाओं को 240.59 करोड़ की कुल राशि प्रदान की गई है। वहीं **लाड़ली लक्ष्मी योजना** अंतर्गत 4,294 प्रकरण स्वीकृत कर 2.57 करोड़ की आर्थिक सहायता दी गई। **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** में प्रथम प्रसव के लिए 7,108 महिलाओं को 3.55 करोड़ और द्वितीय प्रसव के लिए 2,266 महिलाओं को 1.35 करोड़ की सहायता दी गई। **प्रधानमंत्री आवास योजना ( ग्रामीण ) :** 67,000 आवास स्वीकृत कर ग्रामीण परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए।

अधोसंचरना विकास में भी जिला निरंतर प्रगति पथ पर है। **सड़क और पुल** के निर्माण में नर्मदापुरम – जबलपुर मार्ग पर 148.97 करोड़ की लागत से तवा नदी पर फोर लेन का उच्चस्तरीय सेतु निर्माणाधीन है।



कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना बताती हैं कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी जिले में हितग्राहियों तक पहुंचाने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध रहा है। **आयुष्मान भारत योजना :** 7,38,952 कार्ड बनाए गए, जिससे गरीब परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल रही है।

**जिला अस्पताल** में भी 300 बिस्तरों की क्षमता विस्तार के साथ सेवाएं शुरू की गई हैं। **आयुष चिकित्सालय :** पचमढ़ी में 10 बिस्तरों वाला आयुष चिकित्सालय स्वीकृत किया गया है। **टीबी मुक्त अभियान** में बड़ी सफलता यह है कि जिले की 40 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। **सिकल सेल एनीमिया :** केसला ब्लॉक में 26 बच्चों को निमोकॉकल के टीके लगाए गए हैं। वहीं शिक्षा की बात की जाए तो **मुख्यमंत्री संदीपनि रेजिडेंशियल स्कूल** के नीट में 11 छात्रों ने सफलता प्राप्त की, जिनमें से 2 छात्रों ने 600 अंक प्राप्त किए।



**परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024** में जिले को राज्य स्तर पर तीसरा स्थान मिला। **बोर्ड परीक्षा परिणाम :** में भी अपेक्षित सुधार हुआ है। जिले में हाई स्कूल में 84.08 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी में 82.98 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा, जो विगत वर्षों की तुलना में क्रमशः 27 प्रतिशत और 15 प्रतिशत अधिक है। **सीटी बजाओ बच्चे बुलाओ अभियान :** बच्चों को शिक्षा से जोड़ने वाले इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड प्राप्त हुआ है।



जिले में शासकीय कार्य प्रणाली में भी आधुनिकता के साथ साथ पारदर्शिता को भी महत्व मिला है। इसके लिए **ई-ऑफिस प्रणाली** लागू कर 61 विभागों में 6,000 से अधिक ई-फाइलें संचालित की जा रही हैं, जिससे सुशासन को बढ़ावा मिला है।आमजन के साथ सीधा संवाद करने में विश्वास रखने वाली कलेक्टर सुश्री मीना न सिर्फ कार्यालय में बल्कि फील्ड पर भी पहुंचकर आम नागरिकों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर उसके त्वरित निदान के लिए प्रयासरत रहती हैं। चाहे जनसुनवनाई का माध्यम हो या फिर **सीएम हेल्पलाइन** अंतर्गत 81,836 शिकायतों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया हो। **लोक सेवा केंद्र** के माध्यम से 1,49,918 आवेदनों का निराकरण किया गया, जिसमें 94.5 प्रतिशत सेवा प्रदाय दर रही। वहीं **राजस्व वसूली** में भी जिले में पिछले एक दशक का रिकार्ड तोड़ते हुए 8.09 करोड़ की वसूली की जो पिछले 10 वर्षों में सर्वाधिक रही है।

**रेशम उत्पादन :** नर्मदापुरम प्रदेश का एकमात्र जिला है जहां चारों प्रकार के रेशम (मलबरी, टसर, ईरी, मूगा) का उत्पादन होता है। जिले की रेशमी सफलता यह है कि 50 महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है।

**स्वच्छ भारत मिशन** के तहत जिले की सभी पंचायतों ने ओडीएफ प्लस मॉडल स्तर प्राप्त किया है। वहीं नगरीय क्षेत्रों में भी स्वच्छता सर्वेक्षण में रेटिंग का सुधार हुआ है। पेयजल को लेकर भी जिले की स्थिति सुखद है। **जल जीवन मिशन अभियान के अंतर्गत** 1.57 लाख से अधिक नल कनेक्शन कर 87 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंचाया गया है, जिससे प्रदेश में जिले की रैंकिंग 11वें स्थान पर है। कुल मिलाकर नर्मदापुरम जिला विकास पथ पर तेजी से बढ़ रहा है।

**आमजन आशान्वित हैं कि हमारा जिला नर्मदापुरम प्रगति का यह सौपान सतत नए कीर्तिमान गढ़ेगा।**

## पर्यटन के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ता नर्मदापुरम, ग्रामीण पर्यटन संवर्धन के लिए मिला पुरस्कार



एक समय नर्मदापुरम जिला सिर्फ आध्यात्म और धार्मिक टूरिज्म के लिए जाना जाता था और पर्यटन के नाम पर नर्मदा के घाट और पचमढ़ी की वादियां ही सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र होती थी पर जिला प्रशासन के प्रयासों और प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति के सकारात्मक परिणाम स्वरूप आज नर्मदापुरम जिला टूरिज्म की दृष्टि से संपन्न है। यहां प्रदेश का एक मात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी है तो प्रदेश का गौरव सतपुड़ा टाइगर रिजर्व है वहीं मां नर्मदा का पावन तट है तो तवानगर का डेम न सिर्फ प्रदेश की कृषि उन्नति का आधार है बल्कि अब एक रमणीक पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्धि पा चुका है। ग्रामीण टूरिज्म में जिला प्रदेश में अव्वल रहा और इसके लिए कलेक्टर सोनिया मीना को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुरस्कृत भी किया। जिले में खासकर फिल्म टूरिज्म संवर्धन में भी नित नए आयाम स्थापित हो रहे है। पूर्व के वर्षों में निर्मल पाठक की घर वापसी और महारानी जैसे लोकप्रिय वेब सीरिज की शूटिंग हुई तो हाल ही में महारानी 4 के अलावा कई अन्य फिल्मों की शूटिंग भी जिले में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई है।

### फिल्म टूरिज्म को लेकर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से दैनिक जागरण की सीधी बात



**जागरण :** फिल्म टूरिज्म बढ़ाने किस तरह के प्रशासनिक प्रयास किए जाएंगे।

**सुश्री सोनिया मीना :** नर्मदापुरम जिला प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है यहां पर्वत भी है पवित्र नदी नर्मदा है, जंगल है, ऐतिहासिक , पुरातत्व की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण स्थल है तो यहां पर्यटन की अपार संभावना है। कुछ साल पहले तक जिले का पर्यटन हिल स्टेशन पचमढ़ी, जंगल सफारी मढ़ई और धार्मिक पर्यटन नर्मदापुरम तक सीमित था लेकिन अब फिल्म टूरिज्म भी तेजी से बढ़ा है। पिछले दो साल में लगभग 200 दिन से ज्यादा हमारे यहां शूटिंग हुई है। जिला प्रशासन जल्द ही अपनी एक वेबसाइट भी बनाएगा जिसमें फिल्म लोकेशन, यहां की लाजिस्टिक सुविधा, स्थानीय कलाकार और फिल्म मेकिंग संबंधी अन्य जानकारियां रहेंगी। फिल्म मेकर को शूटिंग परमीशन और लोकेशन परमिशन के लिए वन विंडो सुविधा दी जा रही है। कुल। मिलाकर फिल्म मेकर के लिए शूटिंग फ्रेंडली माहौल तैयार किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नागरिकों का भी सकारात्मक सहयोग मिल रहा है।

**जागरण :** पहले से अब क्या बदलाव आए है?

**सुश्री सोनिया मीना :** शासन स्तर पर प्रदेश सरकार ने भी फिल्म टूरिज्म को बढ़ाने एक पॉलिसी तैयार की है जिसमें फिल्म मेकर को अधिक सुविधा मिले साथ ही अनुदान का भी प्रावधान किया है। मुझे लगता है टूरिज्म के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है लाजिस्टिक सुविधा और शांतिपूर्ण वातावरण। खासकर फिल्म यूनिट के लिए ये आवश्यक होता है। पहले नर्मदापुरम में फिल्म यूनिट के स्टे के लिए बड़े होटल आदि का अभाव था पर अब नर्मदापुरम, इटारसी में काफी अच्छे और बड़े होटल, रिसोर्ट्स बन गए है तो लाजिस्टिक समस्या नहीं है तो ये भी एक बड़ा कारण है जिले में फिल्म टूरिज्म बढने का। फिल्म यूनिट को स्टे के लिए कई अच्छे विकल्प है। साथ ही स्थानीय कलाकार और लोगों का सहयोग भी शूटिंग फ्रेंडली माहौल बनाता है। कुछ दिनों पूर्व भी मुंबई से आए फिल्म निर्माता नरेन कुमार ने इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि नर्मदापुरम सर्वाधिक शूटिंग फ्रैंडली है और यही कारण है कि आने वाले समय में बहुत सारे बड़े प्रोडक्शन हाउस नर्मदापुरम में शूटिंग के लिए आएंगे।



**जागरण :** पर्यटन स्थल के विस्तार को लेकर जिला प्रशासन की क्या योजना है?

**सुश्री सोनिया मीना :** जिले में कई अच्छे पर्यटन स्थल है जिन्हें विकसित किया जा सकता है। जैसे बांद्राभान संगम स्थल बहुत खूबसूरत है पर अभी तक सिर्फ मेले आदि तक सीमित है इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। आवली घाट जैसे कई और स्थल है जिनको पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। साथ ग्रामीण टूरिज्म पर भी प्रशासन का फोकस है जिससे छोटे छोटे स्पॉट चिन्हित किए जा रहे है जिन्हें पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सके।

## माफिया और अपराधियों में कानून के खौफ से ही शांतिपूर्ण समृद्ध नर्मदांचल का सपना होगा साकार

किसी भी सभ्य समाज की संरचना के लिए आवश्यक है कि वहां का वातावरण भयमुक्त और शांतिपूर्ण हो। यह तभी संभव है जब उस समाज मे अपराध कम हों। अपराध पर अंकुश लगाने और समाज में अमन-शांति स्थापित करने में मौजूदा समय में पुलिस की भूमिका बेहद अहम है। अन्य सरकारी महकमों की अपेक्षा पुलिस हमेशा ही अधिक आलोचना का शिकार हुई है। इसके विपरीत यदि देखा जाए तो बिना पुलिस के किसी भी समाज में शांति-व्यवस्था की कल्पना तक नहीं की जा सकती। पुलिस की अहमियत और उसकी कार्यपद्धति की आलोचना करना एक बात है और उसकी जरूरत और प्रभाव दूसरी बात। जरा, विचार कीजिए यदि पुलिस थाना भी अन्य सरकारी कार्यालयों की तरह सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक ही खुले या अन्य त्योहारों पर पुलिस भी छुट्टी मनाने लगे तो फिर समाज का क्या होगा। इसकी कल्पना भी सिहरा देने वाली है। इसलिए पुलिस को हर वक्त कटघरे में खड़ा करने की बजाय उसके दूसरे पक्ष पर भी उतनी ही गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। पुलिस के बारे में सकारात्मक सोच तब और भी ज्यादा जरूरी और प्रासंगिक हो जाती है, जब जिले में सख्त होने के साथ ही संवेदनशील पुलिस अधीक्षक साईं एस कृष्णा थोटा तैनात हों।

अपराध और अपराधी पर लगाम कसने के उत्तरदायित्व पुलिस का ही है। अपराध होने के बाद अपराधी को कानून के शिकंजे में कसकर सजा दिलवाने तक का काम पुलिस का ही है। नैतिक पतन के इस दौर में परिस्थितियों के कारण या अज्ञानतावश होने वाले अपराधों की बजाय निजी स्वार्थपरता और लालच की लम्बी होती कामना के कारण होने वाले अपराधों की फेहरिश्त लंबी होती जा रही है। अपराधों की दुरूह श्रंखलाओं में सफेदपोश अपराध ऐसे ही अपराधों में शामिल हैं जिन्हें कई बार एक हद तक सामाजिक स्वीकृति भी प्राप्त हो जाती है और ये व्यवसाय की तरह फलने -फूलने लगते हैं। दुर्भाग्यवश अवैध रेत खनन, जुआ, सट्टा, शराब आदि सामाजिक बुराई आज अवैध व्यवसाय के स्वरूप में परिवर्तित हो गई है। सालों से शांतिप्रिय रहे इस जिले में बढ़ते अपराधों पर पुलिस तंत्र इन दिनों भारी ही साबित हो रहा है। एसपी साईं एस कृष्णा के नेतृत्व में पुलिस इतनी सख्ती से काम कर रही है कि अपराधियों में भारी खौफ नजर आ रहा है। लग रहा है कि कर्मठ, ईमानदार, प्रतिबद्ध और बहादुर कप्तान का नेतृत्व जो इस शांतिप्रिय जिले को उसका स्वाभाविक स्वरूप लौटाने के लिए कटिबद्ध है। पुलिस कप्तान साईं एस कृष्णा ने अपनी आमद के साथ ही ये दर्शा दिया था कि कप्तान नॉनप्लेयिंग कैप्टन नहीं है वह मैदान खुद सम्हालेंगे। उन्होंने मैदान भी संभाला और अपराधियों के हौसले भी पस्त कर दिए। न सिर्फ शांति या कानून के पालन में ही नही बल्कि अन्य मामलों में भी आपकी संवेदनशीलता से पुलिसिंग का नया स्वरूप आमजन के बीच पहुंच रहा है। चोरी और सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक की पहल एक नवाचार की तरह है। नर्मदापुरम में यदि आप प्रवास पर जाते है और पुलिस को सूचना देकर जायेंगे तो आपके सूने घर की रखवाली पुलिस का बीट इंचार्ज करेगा। सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते ग्राफ से चिंतित साईं एस कृष्णा ने अभियान चलाकर वाहन चालकों को हेलमेट और सीटबेल्ट लगाने के लिए न सिर्फ जागरूक किया बल्कि सर्वाधिक दुर्घटना क्षेत्र वाले उन ब्लेक स्पॉटों का स्वयं निरीक्षण कर दुर्घटना आशंका की संभावित कारणों पर मीमांसा कर जाना की सड़क के शोल्डर सही है या नहीं? सड़क किनारे दिशा निर्देश या संकेत लगे है या नहीं? संबंधित एजेंसियों को इसमें सुधार के लिए पत्र भी लिखा है साईं एस कृष्णा थोटा ने पुलिस सेवा में आने के पूर्व कारपोरेट में जॉब किया है। समय की कीमत को महत्व देना और ड्यूटी के घंटे न गिनना ही आपको श्रेष्ठ बनाता है। यही कार्यप्रणाली है जिससे समाज के हितैषी के रूप में इनका कोई सानी नहीं है। एक तरफ साईं एस कृष्णा जहां कानून के लिए सख्त है वहीं आमजन से चर्चा के दौरान आपकी सहृदयता ,संवेदनशीलता स्पष्ट झलकती है यही कारण है कि आमजन इनके समक्ष बेखौफ होकर ,निर्भीकता से अपनी बात रख पाता है जिसे न सिर्फ श्री कृष्णा धैर्यता से सुनते है बल्कि उसके त्वरित निराकरण के लिए अधीनस्थ को निर्देशित भी करते है। जब कप्तान खुद मैदानी खिलाड़ी हो तो नीचे के अमले पर भी इसका प्रभाव दिखता है। जिले में अभी जो कुछ चल रहा है वह सिर्फ इसलिये अभिनंदनीय है क्योंकि कप्तान खुद मैदान में है और परिणाम सामने है जुआं पर कार्यवाही हो रही है, अवैध शराब भट्टी पर बड़ी कार्यवाही हुई, रेत माफिया में हड़कंप है और कुख्यात और पुराने बदमाश या तो सलाखों के पीछे है या फिर भूमिगत हो गए है, शराब तस्करों पर लगाम लगाने का प्रयास भी सराहनीय हैं। एक भयमुक्त, अपराधमुक्त, शांति शोभित समाज की स्थापना में वे जिस तरह आगे बढ़ रहे हैं उसे देखकर नर्मदांचल अपने भविष्य के प्रति पूर्ण आश्वस्त भी हो उठा है कि नर्मदांचल प्रगतिपथ जब अग्रसर है तो इस समृद्धि में शान्ति और सौहार्दता की अपनी महती भूमिका है।

### पुलिस कप्तान साईं एस कृष्णा थोटा से सीधी बात

जिले में पुलिसिंग को लेकर एसपी साईं एस कृष्णा थोटा से जागरण ने चर्चा की तो श्री थोटा ने इस पर खुलकर चर्चा करते हुए बताया कि पुलिस को लेकर आमजन के बीच बहुत सी बातें नहीं पहुंच पाती हैं। जब सब कुछ सामान्य चल रहा होता है तो आमजन को यह लगता है कि पुलिस आराम में है जबकि इस सामान्य स्थिति को बरकरार रखने के लिए पुलिस सतत सक्रिय रहती है। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा जो प्रयास किए जाते हैं उसे कई बार भय से अनुशासन की संज्ञा दी जाती है। यहां स्पष्ट है कि भय का मतलब प्रताड़ना से नहीं हो सकता। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर कई बार सवाल उठते हैं हम उन सब सवालों के बीच भी आमजन की सुरक्षा और कानून की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहते हैं। जिला पुलिस द्वारा पुलिसिंग में कुछ नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए हैलमेट और सीटबेल्ट की चेकिंग जब की जाती है तो अक्सर लोगों के जेहन में यह सवाल उठता है कि कहीं यह पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही वसूली तो नहीं। इसके लिए जिले में सभी थाना क्षेत्रों में यह निर्देश दिए गए हैं कि सक्षम अधिकारी को सूचित किए बिना कोई भी चेकिंग पाइंट नहीं लगेगा। जो भी वाहन चेकिंग का पाइंट रहेगा उसके लिए वरिष्ठ अधिकारी से अनुमति ली जाएगी साथ ही चेकिंग करने वाले पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वह चेकिंग के दौरान कालर कैमरा का उपयोग करेंगे जिससे जो भी कार्यवाई की जाएगी वह रिकार्ड होगी। इससे यदि चालक को अनावश्यक परेशान किया जाएगा तो पुलिसकर्मी पर भी कार्रवाई होगी। कैमरे के निगरानी में वाहन चेकिंग का यह प्रयोग एक तरह से नवाचार होगा। इससे वाहन चालकों द्वारा किए जाने वाला व्यवहार भी रिकार्ड होगा। पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर भी जिला कप्तान द्वारा परेड के साथ साथ सप्ताह में दो दिन स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा रहा है। एसपी श्री थोटा ने बताया कि गत सप्ताह में लगभग 250 पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिससे कई पुलिस कर्मियों को ज्ञात हुआ कि वह शुगर या बीपी जैसी बीमारी से ग्रसित हैं। जिसका वह अब विधिवत उपचार करा सकेंगे। पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिटेशन भी शुरु कराया जा रहा है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिलाया गया है जो विभिन्न थाना क्षेत्रों में जाकर पुलिस कर्मियों को मेडीटेशन कराएंगे जिससे उनके स्वास्थ्य के साथ साथ कार्यप्रणाली में सकारात्मक सुधार होगा।




प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री, विकास के प्रेणता
मा.डॉ.मोहन यादव जी
के नेतृत्व में सबके साथ और सबके विकास के सफलतम
2
वर्ष
पूर्ण होने पर विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा जी
के नेतृत्व में विकास पथ पर अग्रसर नर्मदापुरम वि.स. की ओर से
हार्दिक बधाई अभिनंदन
अजय जैन (टीटू भाई)
सदस्य, जिला विकास सलाहकार समिति
नर्मदापुरम
-: शुभेच्छु :-
संजय शर्मा मित्रमंडल, नर्मदापुरम
प्रमोद सोनी
पूर्व नपा उपाध्यक्ष, नर्मदापुरम

# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✸ पिपरिया ✸ सोहागपुर ✸ मुलताई ✸ सारनी ✸ आमला ✸ टिमरनी ✸ खिरकिया

भोपाल, 13 दिसंबर 2025


## न्यूज कार्नर

### अधिवक्ता मंच महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष बनी हरप्रीत



**मुलताई जागरण।**

अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने नगर की डॉ. हरप्रीत खुराना अधिवक्ता को उनकी सामाजिक सक्रियता एवं अधिवक्ता हित के प्रति समर्पण भावना, निष्ठा और लगन को देखते हुए अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मुलताई मनोनीत किया है। ज्ञात हो कि डॉ. हरप्रीत खुराना अधिवक्ता सिख सिकलीगर समुदाय पर विश्व की प्रथम पी. एचडी. रिसर्च स्कॉलर हैं और उनकी कई पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी है तथा वे श्री गुरु नानक दरबार ट्रस्ट मुलताई की अध्यक्ष भी हैं 7 अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा डॉ. हरप्रीत खुराना अधिवक्ता को तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मनोनीत किए जाने पर हनी सरदार, सुखबीर सिंह, जसबीर सिंह, सिद्दीक एवं मंसूर ने बधाई दी है।

# बैतूल-इंदौर से दुबई तक फैले गैंग का पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

## एक ही मामले में पुलिस ने दूसरी बार ली पत्रकारवार्ता




**बैतूल जागरण।**

बैतूल पुलिस ने एक संगठित साइबर धोखाधड़ी और अवैध ऑनलाइन बेटिंग रैकेट का भंडाफोड़ कर जिले को स्तब्ध कर दिया है। करीब ?9.84 करोड़ के इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए साइबर सेल और एसआईटी की संयुक्त टीम ने पिछले एक महीने से गोपनीय रूप से काम किया। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन और एएसपी कमला जोशी के मार्गदर्शन में चल रहे इस ऑपरेशन ने धीरे-धीरे एक ऐसे अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय गिरोह का चेहरा उजागर किया, जो बैतूल से इंदौर और इंदौर से दुबई तक अपनी पकड़ बनाए हुए था।

ऑपरेशन की शुरुआत तब हुई जब बैतूल में राजा उर्फ आयुष चौहान, अंकित राजपूत और नरेंद्र सिंह राजपूत को पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि अंकित इस नेटवर्क का कैश हैंडलर था, जो अलग-अलग खातों में आए करोड़ों रुपये निकालकर आगे भेजने का काम करता था। इसके बाद पुलिस की नजर इंदौर पर गई, जहां अमित अग्रवाल को पकड़ लिया गया। अमित इस पूरे नेटवर्क का फाइनेंशियल आर्किटेक्ट था लाखों-करोड़ों के लेन-देन, म्यूल अकाउंट्स की व्यवस्था और हवाला जैसी गतिविधियां उसी की देखरेख में संचालित होती थीं। जांच में खुलासा हुआ कि अमित ने अवैध कमाई से क्रूझ कार और एक आलीशान बंगला खरीदा था। सबसे अहम सफलता 11 दिसंबर को मिली, जब इंदौर से दो मुख्य आरोपी राजेंद्र राजपूत और ब्रजेश महाजन पकड़े गए। राजेंद्र के पास से 20 एटीएम कार्ड, 8 पासबुक, 4 मोबाइल और लेन-देन की डायरी मिली। ब्रजेश महाजन को इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। बुलियन व्यापारी ब्रजेश दुबई से ऑपरेट होने वाली अवैध बेटिंग वेबसाइटों की मास्टर आईडी भारत में 25,000 से 2 लाख तक बेचता था। उसके पास से दो मोबाइल जब्त किए गए। वेबसाइटों के जरिए दुबई से वित्तीय कनेक्शन सामने आए हैं। यह पैसा आगे लक्जरी कारों, रियल एस्टेट और चेन ट्रांजैक्शंस में लगाया जा रहा था। एसपी वीरेंद्र जैन ने कहा कि साइबर और आर्थिक अपराधों के खिलाफ बैतूल पुलिस की नीति जीरो टॉलरेंस है। अब तक छह गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और नेटवर्क की डिजिटल फोरेंसिक जांच जारी है।

## रिश्तेदार की मौत में बेवजह फंसाने का आरोप

**बैतूल/ जागरण।** चिचोली थाना क्षेत्र के चुडिया निवासी किसान राजेन्द्र यादव पिता हरचंद यादव ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए थाना चिचोली में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारी में लगने वाले कपिल यादव की 18 अक्टूबर को सीताडोंगरी के पास पुलिया से गिरने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मृतक के परिवारजन सोशल मीडिया पर उनका नाम लेकर झूठे आरोप लगा रहे हैं और उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। राजेन्द्र यादव ने बताया कि विगत 26 मार्च को अपनी बेटी के जन्मदिन के निमंत्रण के लिए उनकी कपिल यादव से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद उनकी कोई बातचीत नहीं हुई। हादसे वाले दिन वे अपने बेटे का इलाज कराकर पत्नी और साली के साथ बैतूल सरकारी अस्पताल से शाम करीब 6 से 7 बजे वापस घर लौटे थे। अगली सुबह करीब 8 से 9 बजे वे अपनी साली के साथ चुडिया से दुर्घटना स्थल पहुंचे, लेकिन तब तक पुलिस कपिल को चिचोली ले जा चुकी थी। वहां से वे ससुराल आलमपुर गए और फिर साली व सास के साथ चुनाहजूरी में हुए अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इसके बाद मृतक परिवार के फोन निमंत्रण पर वे तेरहवीं में भी शामिल हुए थे। राजेन्द्र यादव का कहना है कि इसके कई दिनों बाद चिचोली थाना से उन्हें बयान के लिए बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक का परिवार उन पर शक जता रहा है। उन्होंने कहा कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था और न ही वे मृतक के परिवार से बहुत करीबी थे। दूर की रिश्तेदारी होने के कारण उनका आना-जाना भी कम था।उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक की मां, पिता और चाचा सोशल मीडिया पर उनका नाम ले-लेकर उन्हें बदनाम कर रहे हैं। राजेन्द्र यादव ने आशंका जताई कि आने वाले दिनों में उनके साथ कोई घटना होती है तो इसके जिम्मेदार मृतक कपिल यादव का परिवार होगा। उन्होंने थाना प्रभारी से पूरी घटना की निष्पक्ष जांच करने और उन पर झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## रामलला रामकथा आयोजन समिति की बैठक

**बैतूल/जागरण।** आगामी 19 से 25 दिसंबर तक शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में होने वाली रामलला रामकथा की तैयारियां अब युध्द स्तर पर जारी हैं। इस संबंध में श्री रामलला रामकथा आयोजन समिति के सदस्यों ने एक बैठक का आयोजन समिति संरक्षक और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के पूर्व निवास पर किया। जिसमें आयोजन की रूपरेखा तथा अन्य सेवाओं पर उपस्थित धर्म प्रेमी बन्धुओ द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में आयोजन समिति के सदस्य सुनील द्विवेदी ने सभी के समक्ष रामकथा आयोजन की विस्तार से रूपरेखा रखी। इसके पश्चात समिति के सदस्य बलराम जसूजा, मनोज भार्गव, योग शिक्षक रोशनलाल मौखड़े, योग प्रशिक्षक सुनील कुबड़े, त्रिपाठी सर, राजेश मदान आदि ने अपने-अपने विचार रखें। इसके पश्चात नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने आयोजन को लेकर नगर पालिका की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि वे स्वयं अधिक से अधिक समय रामकथा में रहेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि यह हम सब भारतीयों के लिए बड़े गर्व की बात है कि सदियों के संघर्ष के बाद हमारी संस्कृति, श्रद्धा और गौरव का केंद्र अयोध्या का राममंदिर निर्माण पूर्ण हुआ और गत 25 नवंबर को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भगवत द्वारा शिखर पर भगवा धर्म ध्वजा लहराई गई और इसी गौरवशाली धर्म ध्वजा को लेकर राम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामविलास वेदांती बैतूल पधार रहे हैं। अब इस अवसर को ऐतिहासिक और चिरस्थाई बनाने के लिए बैतूल में इस रामकथा का कार्यक्रम होने जा रहा है। यह बैतूलवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने आयोजन को लेकर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। यहां उल्लेखनीय है कि अयोध्या से धर्म ध्वजा लेकर बैतूल आ रहे रामजन्म भूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष श्री रामविलास वेदांती महाराज की रामलला रामकथा 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित होना है। समिति के अनुसार 17 दिसंबर की शाम को परम पूज्य वेदांती महाराज का बैतूल आगमन होगा। जिन्हें रेलवे स्टेशन से हाउसिंग बोर्ड गंज स्थित संत निवास तक गाजे-बाजे के साथ लेकर आया जाएगा। 18 दिसंबर को दोपहर 1 बजे सभी रामभक्त महिला- पुरूष न्यू बैतूल स्कूल ग्राऊंड में एकत्रित होंगे। यहां हनुमान मंदिर से धर्म ध्वजा यात्रा और कलश यात्रा धूमधाम से निकलेगी। जो थाना चौक, लल्ली चौक, बस स्टैंड, राजा भोज चौक, शिवाजी चौक होते हुए शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम पहुंचेगी। यहां धर्मध्वजा की अस्थाई स्थापना होगी।

# पूर्व निर्णय पर अधिवक्ता संघ कायम, लोक अदालत का करेंगे बहिष्कार



**मुलताई/ जागरण।**

अधिवक्ता संघ मुलताई द्वारा बीते 9 दिसम्बर को ली गई सामान्य आमसभा में शनिवार 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत का बहिष्कार करने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया था। लोक अदालत के आयोजन को लेकर शुक्रवार की दोपहर पक्षकार भवन में अधिवक्ता संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे संघ के अध्यक्ष सीएस चंदेल सहित पदाधिकारीगण एवं समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल ने कहा यह मेरा व्यक्तिगत निर्णय नहीं है। समस्त अधिवक्ताओ द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि बीते 9 दिसम्बर कि बैठक में लिया गया निर्णय मान्य होगा सभी अधिवक्ता लोक अदालत का बहिष्कार विभिन्न मांगो को लेकर करेंगे,सभी अधिवक्ता अपने अपने चेम्बर मे उपस्थित रहेंगे, हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन करेंगे।संघ कि आमसभा में लिए गए निर्णय का उल्लंघन कर लोक अदालत मे भाग लेने पर सम्बंधित अधिवक्ता पर आम सभा में उचित निर्णय लिया जाएगा। ज्ञात हो कि दो दिन पहले आयोजित बैठक में बहिष्कार का निर्णय लिया गया था।

### कलेक्टर रजनी सिंह ने कृषि विभाग एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा की

# कृषि उद्यानिकी और पशुपालन विभाग आपसी समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर कार्य करें : कलेक्टर



**जागरण नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह नेकलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग सहकारिता विभाग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित गन्ना आत्मा कृषि उपज मंडी कृषि अभियांत्रिकी विभाग कृषि विज्ञान केन्द्र पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग रेशम पालन विभाग मत्स्यपालन विभाग मार्कफेड आदि विभागों की योजनाओंए कार्यों गतिविधियों आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि फसल गिरदावरी फसल बीमा खाद्यान फसल जैसे. गेहूं को दलहन तिलहन या उद्यानिकी फसलों में शिफ्ट करने के लिये मैदानी स्तर पर किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। कृषि उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग आपसी समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर कार्य करें। जिले में किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता एवं रैक प्लानिंग की जानकारी सोशल मीडिया एवं व्हाटसएप के माध्यम से किसानों को प्रसारित करें जिससे जिले में भीड़ की स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन के सभी खरीदी केन्द्रों में खरीदी शुरू होने की पुष्टि मैदानी अमले द्वारा प्रति दिवस दी जावे। विभागीय योजनाओं में ग्रामों को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्यों की पूर्ति में पुनरावृत्ति नहीं होते हुए अन्य ग्रामों का चयन किया जाये जो कृषक योजनाओं से लाभांवित नहीं हो पाये हैं उन्हें प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ दिया जाए। आदान गुण नियंत्रण अंतर्गत अमानक नमूनों एवं अनियमितताओं पर सख्त कार्यवाही की जाए। फसल अवशेष प्रबंधन अंतर्गत बेलर एवं सुपरसीडर के उपयोग के लिए कृषकों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें। नरसिंहपुर एवं करेली विकासखंडों में उन्नत कृषि बेलर का प्रदर्शन आयोजन कर कृषकों को उपयोग के लिए जागरूक करें। पराली जलाने की घटनाओं पर कार्यवाही की जावे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पशुपालन विभाग एवं एनआरएलएम के माध्यम से गौशालाओं में बेलर यंत्र दिया जाये। प्रतिदिवस गन्ना विक्रय के भुगतान व शेष राशि की रिपोटिंग करें। उन्होंने सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकारी समितियों में उर्वरक के भण्डारण व वितरण की समीक्षा बी.पेक्स पुर्नगठन आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि पीएमएफएमई के अंतर्गत गुड़ भट्टियों को ज्यादा प्रमोट कर आटा चक्की दाल मिल व अन्य मूल्य संवर्धन प्रोसेसिंग यूनिट को प्रोत्साहित करें। उन्होंने उद्यानिकी विभाग एवं गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि गुड़ भट्टियों की चिमनियों की ऊंचाई निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप रखी जाएए जिन भट्टियों की चिमनी की ऊंचाई निर्धारित मापदण्डों से कम हैए उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जावे। जिले में उद्यानिकी फसलों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाये। उद्यानिकी विभाग अंतर्गत वन पट्टाधारी कृषकों को लाभ दिलाया जाये। फूलो की खेती को मंदिर के आसपास एवं विशेष चिन्हित स्थानों के पास कराया जाये। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि एनएडीसीपी में एफएमडी वेक्सीनेशन की प्रगति को बढ़ाया जाये। प्राकृतिक खेती के लिये गौवंश आधारित गोबर खाद आदि उपलब्ध कराई जाये। गौशालाओं में कृषि दुग्ध गोबर से निर्मित उत्पाद जैसे. गमला कम्पोस्ट अदि गतिविधियों को संचालित किया जाये। साथ ही गौशालाओं को पशुचिकित्सा केन्द्र बनाने की कार्यवाही की जाये और गौ सेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये जाये। जिले की हर विकासखंड से 6 अच्छी गौशाला का चयन किया जाये दो गौशालाओं को बीआरसी केन्द्र बनाने की कार्यवाही की जावे।

## युवा संगम 15 दिसम्बर को तेंदूखेड़ा में

**नरसिंहपुर।** जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रोजगारए स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला के अवसर पर बेरोजगार शिक्षित युवक. युवतियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सोमवार 15 दिसम्बर प्रातः 10.30 से शासकीय आईटीआई तेंदूखेड़ा में किया जायेगा।कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे तथा स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ. साथ विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठीत कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले। निजी क्षेत्र के नियोक्ता जिन्हें अपनी कम्पनी शोरूम् होटल एवं अन्य निजी संस्थानों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है तो वह भी मेला स्थल पर अपना स्टाल लगाकर बेरोजगार उनको रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

# विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने किया सेवा कार्यों को सम्मानित



**जागरण गाड़रवारा।** विगत दिवस मातृ शक्ति के प्रदेश व्यापी संगठन विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने संस्कार भारती प्रागंण गाडरवारा में एक संगोष्ठी आयोजित कर परशुराम सेना मप्र के जिला अध्यक्ष व क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी मुकेश बसेड़िया को 24 वर्षों से सतत पीड़ित मानव सेवा के कार्यो में समर्पित व परशुराम सेना मप्र जिला अध्यक्ष के दायित्व मिलने के पर धर्म एसंस्कृति के साथ ब्राहाण हितों व गौ माता के हितार्थ कार्यो हेतु मातृशक्ति के प्रतिनिधि मंडल ने शाल श्रीफल ए व भगवान परशुराम का दिव्य छाया चित्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा सदैव साथ देने का आश्वासन प्रदान कर पूर्ण समर्थन दिया। विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा शर्मा ने श्री बसेड़िया के विभिन्न सेवा कार्यो पर प्रकाश डालकर संस्था की संपूर्ण प्रदेश की मातृशक्ति की तरफ सदैव साथ व समर्थन की बात रखी। जिला अध्यक्ष श्रीमति बसंती पालीवाल ने कोरोना काल के भयावह समय के सेवा कार्य वैक्सिनेशन व दुर्गम वनांचल ग्रामो के सेवा प्रकल्पों से मातृशक्ति को अवगत करा कर परशुराम सेना मप्र के जिला अध्यक्ष बनने की बधाई प्रदान की। उपरोक्त अवसर संस्था की नगर अध्यक्ष श्री मति सुषमा राजौरिया श्री मति संजू शर्मा जिला मंत्री श्री मति नीरजा शर्मा श्रीमति राखी शर्मा श्री मति रेखा मिश्रा श्रीमति रचना तिवारी श्रीमति साधना दुबे श्रीमति निवेदिता मिश्रा श्रीमति रचना तिवारी श्री मति रेखा शर्मा श्रीमति समाज्ञा स्थापक श्रीमति सुधा पाठक श्रीमति शोभा पालीवाल आदि अनेक मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4. 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

**नरसिंहपुर।** जिले की गोटेगांव तहसील के ग्राम गड़रियाखेड़ा के निवासी आकाश पिता अरविंद कहार और अतुल पिता अरविंद कहार कृषि संबंधित कार्य के दौरान खेत में लगे हुए नलकूप के वायर में पैर रख जाने से विद्युत करंट लग जाने पर दोनों की मृत्यु 5 अगस्त 2024 को हो गई थी।


**न्यायालय तहसीलदार मुलताई (वृत-मुलताई) जिला-बैतूल**

रा.मा.क्र. 1473, 1474 / अ- 6 / 2025-26 वर्ष 2025-26

ग्राम-देवरी प.ह.नं.26

रा.नि.वृत- मुलताई

प्रकाश कुमार पिता इमरतलाल जाति चम्हार निवासी बगडोना पाथाखेडा, तह. घोडाडोंगरी जिला बैतूल म.प्र. ----आवेदक

बनाम

सर्वसाधारण ---अनावेदकगण

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश कुमार पिता इमरतलाल जाति चम्हार निवासी बगडोना पाथाखेडा, तह. घोडाडोंगरी जिला बैतूल म.प्र. द्वारा इस न्यायालय में आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मौजा देवरी प.ह.नं. 28 रा.नि.म. एवं तह. मुलताई स्थित भूमि ख.नं. 38/2/2, 38/2/4 रकबा क्रमश: 0.245, 0.244 हे. भूमि एवं ख.नं. 33/3 रकबा 0.190 हे. भूमि के सहखातेदार गिरीश पिता इमरलाल दिनांक 12/12/2024 को ला-औलाद फौत एवं गीता बेवा बाबूराव उर्फ अमरूत की मृत्यु दिनांक 13/04/2023 को होने के कारण उनका नाम राजस्व रिकार्ड से निरस्त किए जाने की मांग की गई है।

अत: उक्त भूमि फौती नामान्तरण किये जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19/12/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन कार्य दिवस एवं समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की पदमुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

दिनांक 11/12/2025

तहसीलदार
मुलताई


# ग्राम पंचायत सूखाखैरी में आयोजित हुआ शिविर

### शिविर में 178 दिव्यांगजनों व वृद्धजनों का हुआ चिन्हांकन

**जागरण नरसिंहपुर।** जिले की जनपद पंचायत बाबई चीचली की ग्राम पंचायत सूखाखैरी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के तत्वाधान में एलिम्को द्वारा एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकन और परीक्षण शिविर गुरूवार को आयोजित किया गया।

शिविर में 178 दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से उनका चिन्हांकित किया गया। शिविर में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को वाकिंग स्टिकए ट्राईसाईकिल व्हील चेयर हियरिंग ऐड कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा कमलेश अहिरवार व उपाध्यक्ष मनीष कौरव अन्य जनप्रतिनिधि उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी. कर्मचारी मौजूद थे। उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम पंचायत शाहपुर में 12 दिसम्बर को और जनपद पंचायत सांईखेड़ा में 13 दिसम्बर को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे।

# सांईखेड़ा में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक सम्पन्न



**जागरण गाडरवारा।** गत दिवस साईंखेड़ा विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी साईखेड़ा संदीप स्थापक ने सभी प्राथमिक माध्यमिक एकीकृत शालाओं में जारी कक्षा पहली से आठवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति हो एवं समय सारणी के अनुरूप परीक्षा संचालित हो इस हेतु समस्त बीएसी एवं सीएसी स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग करें। इस दौरान अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच भी करें। बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया ने बैठक में बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करने ए एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य खाद्यान्न उठाव ड्रॉप बॉक्स पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग जिज्ञासु किट उपयोगिताए निर्माण कार्य इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा की। इसके अलावा बैठक में विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति अध्यापन में टीएलएम के उपयोग ड्रॉपबॉक्स प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर शिक्षक स्टूडेंट शाला प्रोफाइल कार्य संबंधी चर्चा भी की गई। बैठक मे जनशिक्षक दीपक स्थापक बनवारी लाल नागवंशी मो अपसार खान प्रमोद पठारिया सुरेन्द्र राजपूत आजाद कौरव नेपाल झारिया प्रदीप मालवीय अवधेश पटैल पंकज पाठक एमआईएस वेदप्रकाश राजपूत दीपक आरसे राजा कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

## आयुर्वेद दवाईयों का वितरण

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले में सिकल सेल एनीमिया के ग्रसित मरीजों के लिए एड. ऑन थैरपी के रूप में आयुर्वेद दवाईयों का वितरण घर. घर जाकर किया गया। उन्हें आहार. विहार एवं योग. प्रणायाम के लिए परामर्श दिया गया।

## न्यूज कार्नर

### जिला स्तरीय क्रास कंट्री दौड़ 17 को

**देवास।** देवास जिला एथलेटिक्स संगठन सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि रतलाम में आयोजित राज्य क्रास कंट्री दौड़ चैम्पियनशिप 28 दिसंबर को आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन 17 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में खेल और युवक कल्याण विभाग देवास का विशेष सहयोग रहेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपनी एंट्री 16 दिसंबर को शाम 4 से 6 तक स्टेडियम परिसर में राजीव श्रीवास्तव, जितेंद्र गोस्वामी, धर्मेंद्र भदोरिया, पवन यादव, निरंजन यादव आदि से संपर्क कर सकते हैं। सिलेक्टेड खिलाड़ी 27 दिसंबर को रतलाम के लिए रवाना होंगे। प्रतियोगिता में 16 वर्ष 2 किमी, 18 वर्ष 6 किमी, 20 वर्ष 8 किलोमीटर महिला-पुरुष वर्ग 10 किलोमीटर आयोजित होगी। प्रथम, द्वितीय, तृतीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। दौड़ सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी।

### विधिक सेवा समिति का शिविर आयोजित

**सोनकच्छ।** न्यायाधीश दशरथसिंह भिड़े अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा बुधवार को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बीसाखेड़ी के एक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें भिड़े ने बताया कि 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उनके द्वारा मानव अधिकारों के महत्व, संरक्षण और उनके दैनिक जीवन में होने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही भारत का संविधान अंतर्गत मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, निःशुल्क विधिक सहायता, पाक्सो एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, रजिस्ट्रेशन, साईबर क्राइम आदि कानून संबंधी जानकारी दी व बच्चों को जागरूक किया।

### पुण्यतिथि समारोह 19 से 22 दिसंबर तक

**सोनकच्छ।** अखंड प्रकाश मंडल आनंद आश्रम में ब्रह्मलीन अवधूत वेदांत केसरी स्वामी श्री 1008 प्रकाशानंद महाराज का 40 वां पुण्यतिथि समारोह 19 से 22 दिसंबर तक मनाया जाएगा। आश्रम के महामंत्री सौभागसिंह ठाकुर ने बताया कि 19 दिसंबर प्रातः 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ 20 दिसंबर प्रातः पाठ का समापन, भगवान नर्वदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, दोपहर 1 बजे संत महात्माओं के प्रवचन, दिनांक 21 को प्रातः भगवान नर्वदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, दोपहर 1 बजे प्रवचन एवं आश्रम का आय व्यय प्रस्तुत किया जावेगा। 22 दिसंबर सोमवार प्रातः भगवान नर्मदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक स्वामी जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन आरती एवं श्रद्धांजलि सभा। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया जावेगा।

### सीएमएचओ ने किया क्लीनिक व स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने शुक्रवार को जिले के प्राइवेट अस्पताल सीटी केयर हास्पिटल हाटपीपल्या, आरोग्य पॉली क्लीनिक एवं डे केयर सेंटर नेवरी और शासकीय स्वास्थ्य संस्था उप स्वास्थ्य केंद्र राजोदा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटपीपल्या का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. बेक ने नेवरी में संचालित आरोग्य पॉली क्लीनिक एवं डे केयर सेंटर नेवरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, क्लीनिक का पंजीयन पंजीयन सीएमएचओं कार्यालय मे करवाया गया था। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक क्लीनिक में नहीं मिले। सीएमएचओ डॉ. बेक ने बीएमओ बागली को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग की टीम के साथ क्षेत्र में आकस्मिक भ्रमण कर झोलाछाप डॉक्टरों और अपंजीकृत क्लीनिक पर नियमानुसार निरंतर कार्यवाही की जाए।

### मालवीय जिला उपाध्यक्ष बने

**देवास।** अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार एवं प्रदेश अध्यक्ष चिंटू मालवीय की सहमति से जिलाध्यक्ष प्रदीप मालवीय ने इंदर मालवीय को जिला युवा उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर स्नेहीजनों ने बधाई प्रेषित की है।





# हनुमान अष्टमी पर निकली भव्य प्रभातफेरी, हजारों श्रद्धालु उमड़े

## जय-जय सियाराम के नारे गूंजे, जगह-जगह हुआ स्वागत

**देवास।** शुक्रवार को अलसुबह देवास नगर की सड़कों पर जय-जय सियाराम के नारों की गूंज सुनाई दे रही थी। हजारों की संख्या में राम भक्त ढोल, बैंड व भजनों पर झूमते-नाचते नगर में निकले थे, जिनका नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं कई स्थानों पर प्रसादी का वितरण भी किया गया। दरअसल शुक्रवार को श्री हनुमान अष्टमी के उपलक्ष्य में अलसुबह करीब 5 बजे एमजी रोड स्थित खेड़ापति मारूति मंदिर से प्रभात फेरी के रूप में प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमानजी नगर भ्रमण पर निकले। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह खेड़ापति सरकार की आरती की गई। इस दौरान मंदिर के सामने जमकर आतिशबाजी की गई। इसके बाद एक



सुसज्जित ट्राले में खेड़ापति सरकार की प्रतिकृति को विराजित कर प्रभातफेरी प्रारंभ हुई। प्रभात फेरी में जहां बैंडबाजों पर युवा जमकर थिरकते रहे थे। वहीं भजन गायक आकाश अग्रवाल व अन्य भजन गायकों के भजनों पर महिलाएं नृत्य करते हुए चल रही थी। प्रभात फेरी खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, अलंकार मार्केट, तीन बत्ती चौराहा, पुराना बस स्टैंड, जवाहर चौक, नयापुरा, जनता बैंक, गांजाभांग चौराहा, सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा से औदुम्बर ब्राह्मण धर्मशाला, एकता क्लब चौराहा, मीरा बावड़ी से तहसील चौराहा होकर पुनः खेड़ापति मंदिर पर पहुंची, जहां आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। प्रभात फेरी का विभिन्न स्थानों पर हिंदू समाजजनों ने स्वागत व अल्पाहार कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं को चाय, पोहे, गुलाब जामुन, दूध, फल, तिल के लड्डू, आलू बड़े सहित विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही खेड़ापति सरकार की पालकी से भी 21 हजार लड्डूओं का वितरण नगर भ्रमण के दौरान हुआ। इस प्रभात फेरी में हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए।

# भौंरासा में गूंजा तुम रक्षक काहू को डरना

**भौंरासा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसके अंतर्गत नगर के खेड़ापति मंदिर में विशेष तैयारियां की गई थी। इसके साथ ही बड़े हनुमान चौक स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर पुष्पमालाओं से विशेष साज-सज्जा की गई। साथ ही बाबा का विशेष श्रृंगार कर पूजन-आरती पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। गड़ी मंदिर पर स्थित बाबा श्री खेड़ापति का विशेष श्रृंगार कर प्रसाद वितरण किया गया। साथ्ज्ञ ही छोटे हनुमान चौक में श्री पंचमुखी हनुमान जी का भी विशेष श्रृंगार कर भव्य आरती की गई। इसी तरह भौंरासा फाटा स्थित बाबा श्री बालाजी महाराज, पंडक पाल रोड पर स्थित श्री खेड़ापति सरकार, भलाई स्थित श्री सूर्यमुखी इच्छापूर्ण भलाई धाम हनुमान मंदिर पर भी बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया।



# करणी सेना के तत्वावधान में समान अधिकार यात्रा कल



**सोनकच्छ।** श्री राजपूत करणी सेना के तत्वावधान में 14 दिसंबर को समान अधिकार यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ होगी, जो एमजीएम से होकर कार्यक्रम स्थल मंडी प्रांगण पहुंचेगी, जहां जहाँ प्रशासनिक अधिकारियों को 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसी को लेकर करणी सेना द्वारा शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की। जिसमें प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि करणी सेना पिछले 20 वर्षों से ईडब्ल्यूएस के लिए लड़ाई लड़ रही है। 14 दिसम्बर को ईडब्ल्यूएस क्रांति की समान अधिकार यात्रा का आयोजन होगा। श्री करणी सेना नगर अध्यक्ष अमितसिंह सोलंकी ने बताया कि यह ईडब्ल्यूएस क्रांति की समान अधिकार यात्रा का आयोजन है। यह कार्यक्रम करणी सेना का ही नहीं सर्व समाज का है। इसके अंतर्गत सामान्य, ओबीसी व एससीएसटी वर्ग के पिछड़े लोगों के लिए समान अधिकार की मांग की जा रही है। यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष, 22 प्रदेश अध्यक्षों सहित 56 जिले के अध्यक्ष भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र मेहता, देवेंद्र सिंह खटाम्बा, सवाईसिंह ओड़नी, प्रवीण सिंह खेड़ा मंचासीन थे।

# 50 लाख की लागत से नर्मदा कूटी आश्रम का भूमिपूजन



**सतवास।** सतवास से 35 किमी दूर पुनासा रोड स्थित पामाखेड़ी में नर्मदा कूटी आश्रम के नए भवन का भूमिपूजन शुक्रवार को प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा किया गया। लगभग 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह आश्रम नर्मदा परिक्रमा वासियों को भोजन, पानी, विश्राम और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। भूमिपूजन समारोह में मंत्री पटेल ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा कठिन अवश्य है, किंतु साधना के दौरान मन के लोभ-मोह और क्रोध समाप्त हो जाते हैं तथा आत्मा शुद्ध होती है। उन्होंने कहा कि सेवा के कार्य अपने आप मार्ग बनाते है और पामाखेड़ी का यह प्रयास उसी भावना का उदाहरण है। मीडिया से बात करते हुए परिक्रमा मार्ग को अधिक सुविधाजनक बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि परिक्रमा तप की यात्रा है। हालांकि जहां कष्ट होता है, वहां सेवा और सुविधा मिलनी चाहिए। जयंती माता के कच्चे 17 किमी मार्ग पर उन्होंने कहा कि इस विषय में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। कार्यक्रम में संत नारायण गिरी, राजेशदास महाराज, साक्षी चेतन महाराज, 108 योगेश्वर महाराज, मान्धाता विधायक नारायण पटेल, कन्नौद विधायक आशीष शर्मा, पूर्व मंत्री कमल पटेल और पंधाना विधायक छाया मोरे सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, परिक्रमा वासी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### परिक्रमावासियों की परेशानी देख लिया निर्णय

संत रामदास त्यागी महाराज ने बताया कि वे नर्मदा परिक्रमा पर निकले थे, लेकिन जयंती माता से पामाखेड़ी तक परिक्रमा वासियों को भूख-प्यास, तप और निर्जन जंगल में संघर्ष करते देखकर उन्होंने परिक्रमा बीच में ही रोक दी। विशेष रूप से लक्कड़कोट की कठोर झाड़ी से गुजरते हुए साधकों की पीड़ा देखी और इसी मार्ग पर एक परिक्रमा वासी की भूख प्यास से मृत्यु भी हो गई थी, इसके बाद उन्होंने परिक्रमा वासियों की सेवा करने का मन बना लिया और एक प्लास्टिक की पन्नी से कूटी बना कर हर रोज सायकिल से बिस्किट चाय लेकर परिक्रमा वासियों के बीच जंगल में जाकर उनकी सेवा करने लग गए और यही रहकर सेवा करने का निर्णय लिया। वे पिछले सात वर्षों से पामाखेड़ी की कुटी में रहकर लगातार सेवा कर रहे हैं। पहले वे साइकिल से जंगल तक जाकर परिक्रमा वासियों को भोजन-पानी उपलब्ध कराते थे। उनका कहना है कि आश्रम का नया निर्माण सेवा को और बेहतर बनाएगा।

# शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में त्रिदिवसीय महोत्सव आज से



**देवास।** जैन जगत के 23 वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पौष दशमी महोत्सव संपूर्ण भारत भर में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर 13 से 15 दिसम्बर तक त्रिदिवसीय महोत्सव का आयोजन होगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत अठम तप तेले, एकासने, पूजन अनुष्ठान, कुमारपाल महाराजा की आरती एवं भक्ति भावना का आयोजन होगा, जिसमें तपस्वी तीन दिन तक लगातार गर्म जल आधारित उपवास तेला करेंगे। पौष दशमी दिवस 14 दिसम्बर को सुबह 7.15 बजे प्रभु का जन्माभिषेक, 8.30 बजे श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन का संगीतमय अनुष्ठान पार्श्वनाथ म्युजिकल ग्रुप एवं नवयुवक मंडल द्वारा संपन्न होगा। पूजन पश्चात सकल श्री संघ के स्वामी वात्सल्य का आयोजन होगा। इसी दिन रात्रि 7.30 बजे कुमारपाल महाराजा की महाआरती एवं सुंदर सजीले दीपक से हर भक्त द्वारा आरती का सुंदर प्रतिवेदन किया जाएगा। तत्पश्चात रंगारंग भक्ति भावना एवं नृत्य, गीत, संगीत का आयोजन होगा। तीन दिवसीय विभिन्न एकासने का आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत 13 दिसम्बर को मिश्री पानी एकासना, 14 दिसम्बर को संपूर्ण तथा खीर एवं 15 दिसम्बर को संपूर्ण एकासना होगा।

# कलेक्टर के आदेश पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी

**सोनकच्छ।** मंगलवार को आयोजित कलेक्टर की टीएल समीक्षा बैठक में अतिक्रमण का मुद्दा छाया रहा। जिसके बाद कलेक्टर द्वारा निकायों को अतिक्रमण के संबंध में कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। शुक्रवार को नगर परिषद द्वारा एमजी रोड पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए, जिनमें चेतावनी दी है कि आपके द्वारा खुली भूमि, दुकान के प्रक्षेपण, दुकान के सूचना पटल, रोड पर स्वयं की गाड़ियां, हाथ ठेला इत्यादि लगाकर यातायात को बाधित किया जा रहा है, जिसके कारण आमजन को असुविधा होती है। अतः तत्काल प्रभाव से मार्ग को अवरुद्ध करने वाले समस्त कारकों को स्वयं के स्तर से 3 दिवस के भीतर हटा ले, अन्यथा निकाय द्वारा अतिक्रमण को हटाने में होने वाले राजस्व की वसूली कर, नगर पालिका अधिनियम 1961 के सुसंगत प्रावधानों के तहत यथायोग्य कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे। उधर इस मामले में नप सीएमओ अमरदास सेनानी ने बताया कि एमजी रोड पर दुकानदार व मकान मालिकों को स्थाई व अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी कर 3 दिवस का समय दिया है। समयावधि के पश्चात राजस्व विभाग व नगर परिषद द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# आरटीओ ने 7 ओवरलोड डंपरों से वसूला 72 हजार समन शुल्क



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में जांच दल द्वारा चापड़ा एवं बिजवाड़ में ओवरलोड वाहनों पर जांच अभियान चलाया गया, जिसमें तय सीमा से अधिक वजन लेकर ओवरलोडिंग करने वाले डंपरों पर चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 7 वाहन में तय सीमा से अधिक भार ले जाते हुए पाए गए, जिन पर ओवर लोडिंग की कार्यवाही करते हुए 72 हजार का समन शुल्क वसूला गया। कार्यवाही में जांच के दौरान एक यात्री बस परमिट शर्तों का उल्लंघन करते पाए गई। जिस पर कार्यवाही करते हुई 15 हजार हजार का चालान किया गया।

# यूथ कांग्रेस NSUI के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव



**जागरण महिदपुर।** कस्तूरबा गाँधी छात्रावास में रविवार को हुई गंभीर घटना को लेकर विधायक दिनेश जैन बॉस के मार्गदर्शन में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र डोडिया और एनएसयूआई प्रदेश महासचिव जुगल पांचाल के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शनकर एसडीम अजय हिंगे को ज्ञापन प्रेषित किया

जिसमें SÂC रूप से बालिकाओं के साथ स्वास्थ्य विभाग में हुई लापरवाही और किस कारण से अचानक 15 से 20 छात्राओं की तबीयत खराब हुई इसका स्पष्टीकरण शासन प्रशासन के द्वारा आज तक नहीं दिया गया जिस वजह से नाराज हुई और यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक से रैली के माध्यम से एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन कर स्पष्ट रूप से प्रशासन को जगाया और कहा कि अगर तीन से चार दिनों में हमें एक तो अच्छा स्वास्थ्य पहले बालिकाओं को उसके बाद किस कारण से और किन लोगों की वजह से यह घटना हुई वह स्पष्ट रूप से महिदपुर की जनता को बताएं और भविष्य में ऐसी कोई घटना ना हो इसके लिए कदम उठाए । इस मौके पर विधायक दिनेश जैन बॉस, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद पटेल, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव, अंकित यादव, जिला उपाध्यक्ष रवि यादव, एनएसयूआई विक्रम यूनिवर्सिटी अध्यक्ष तरुण परिहार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणछोड़ त्रिवेदी, जिला प्रवक्ता अरुण बुरड़, कांग्रेस नेत्री गौरी परुलेकर पुजारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**फर्जीवाड़ा:** गैर मान्यता धारी झोलाछाप डॉक्टर्स पर की कार्यवाही, चार क्लीनिक सील

# पंजीयन के दस्तावेज मांगे तो क्लीनिक छोड़कर भाग खड़ा हुआ संचालक






खान की क्लीनिक को सील किया गया।

**जागरण, हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचपी सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वास्थ्य विभाग के दल ने शुक्रवार को नियमानुसार पंजीयन न होने एवं अपात्र व्यक्तियों द्वारा एलोपैथी की औषधियों का उपयोग करने तथा अन्य चिकित्सा पद्धतियों के उपयोग करने पर जिले की चार गैर मान्यताधारी क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की है।

## छोटे से कमरे में लगा रहे थे इंजेक्शन, बॉटल

इस दौरान जानिब खान के द्वारा जहान मेडिकोज खेडीपुरा के अंदर छोटे से रूम में मरीजों को इंजेक्शन बॉटल लगाई गई, जिनके खाली रेपर टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान जप्त किये गये। जानिब खान से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये। जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा जानिब खान की क्लीनिक को सील किया गया।

## वैध दस्तावेज मांगे तो नहीं मिले

टीम के द्वारा ग्राम छिदगांव मेल में टीके बिस्वास के क्लीनिक का निरीक्षण के दौरान क्लीनिक मे छगनलाल पिता कृष्णा ग्राम बघवाड को सीने में दर्द होने पर बॉटल चढाई गई थी। टीम द्वारा पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये एवं क्लीनिक छोडकर भाग गये। ग्रामीणों के समक्ष क्लीनिक को सील किया गया।

## छिदगांव मेल में एनसी मंडल के क्लीनिक को सील किया

इसी प्रकार एनसी मंडल दवाखाना छिदगांवमेल के निरीक्षण के दौरान संबंधित से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये, जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा एनसी मंडल के क्लीनिक को सील किया गया। दिव्यांश मेडिकल स्टोर छिदगांवमेल के निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर के पीछे संबंधित द्वारा बाटल इंजेक्शन लगाई जाने की पुष्टी हुई। संबंधित से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये, जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा दिव्यांश मेडिकल स्टोर छिदगांवमेल को सील किया गया। टीम द्वारा सभी को वैध दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिये कहा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में गैर मान्यताधारी बिना पंजीयन के चिकित्सा व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही करने के लिये टीम का गठन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे।

# टिकी रहेगी खनूजा सरकार, दोनों पक्ष झुके, नगर परिषद में गतिरोध खत्म

**जागरण, खिरकिया।** यह लगभग तय हो गया है कि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदरजीत कौर खनूजा अपना शेष कार्यकाल पूरा करेंगी। पिछले छह माह से नगर परिषद में बनी हुई उहापोह और गतिरोध की स्थिति अब समाप्त हो गई है, जिससे शहर सरकार के पुनः जीवंत होने और विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति मिलने की उम्मीद जगी है। नगर परिषद में अध्यक्ष पति से खफा चल रहा असंतुष्ट गुट सरेंडर हो गया है। दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई है। गतिरोध खत्म करने के लिए दोनो पक्ष एक दूसरे के सामने झुक गए। दरअसल पिछले छह महीने से नगर परिषद में उहापोह की स्थिति बनी हुई थी। भाजपा के सभी पार्षदों ने अपनी ही अध्यक्ष के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया था। उन्हें हटाने के लिए एडी चोटी का जोर लगाया। अध्यक्ष के विरुद्ध उठे असंतुष्ट पार्षदों के समूह ने अविश्वास प्रस्ताव लाने का भरसक प्रयास किया था, जो संशोधित अधिनियमों के कारण सदन तक पहुँचने से पहले ही निष्प्रभावी हो गया था। फिर उन्हें भाजपा से निष्कासित करने की कोशिश की गई। उनके कार्यकाल के घपले भी तलाशे गए। एकाध बार तो मामला पुलिस तक भी पहुंच गया था। दरअसल असंतुष्ट पार्षद नप अध्यक्ष के पति भाजपा नेता सरदार महेंद्रसिंह खनूजा से ज्यादा नाराज थे। असंतुष्ट पार्षदों का आरोप था कि श्री खनूजा मनमानी करते हैं। पार्षदों की नहीं सुनते। शहर में काम नही हो रहे हैं। वे भाजपा की बजाय कांग्रेस पार्षदों से ज्यादा तालमेल बनाये हुए हैं, आदि। इस गतिरोध के चलते नगर परिषद के कई महत्वपूर्ण कामकाज थम से गए थे और शहर के विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। ठेकेदार भी अपनी मर्जी के मालिक हो गए थे। कोई अधूरा काम छोडकर भाग गया, तो कोई गुणवत्ता हीन काम करने लगा।

## पूनमचंद गुप्ता ने निभाई मध्यस्थ की भूमिका

सूत्रों के अनुसार नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता पूनमचंद गुप्ता ने इस गतिरोध को समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने अध्यक्ष पति एवं भाजपा नेता सरदार महेंद्रसिंह खनूजा और असंतुष्ट पार्षदों के बीच बातचीत कराई। इस दौरान जहाँ असंतुष्ट पार्षदों की हताशा को सहानुभूतिपूर्वक समझा गया। वहीं अध्यक्ष पति सरदार महेंद्रसिंह खनूजा का मृदु और सुलहकारी व्यवहार भी कारगर रहा। हालांकि इस सुलह में असंतुष्ट पार्षदों की हताशा भी रही, जिन्हें अपनी मुहीम में भाजपा आलाकमान का सहयोग नहीं मिल पाया। वहीं अध्यक्ष पति का मृदु व्यवहार भी कारगर रहा। उनकी खासियत है कि वे अपनी वाकपटुता से दुश्मनों को भी दोस्त बना लेते हैं और दमदारी इतनी है, कि अपने दोस्तों पर भी कटाक्ष करने से नहीं चूकते।

## विकास कार्यों पर नए सिरे से ध्यान

सुलह की इस खबर ने शहरवासियों में आशा का संचार किया है। गतिरोध के दौरान कई अधूरे पड़े कार्यों और गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायतों पर भी अब परिषद नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर सकेगी।

यह आवश्यक है कि अब सभी पार्षद पक्ष और विपक्ष दलीय हितों से ऊपर उठकर शहर के समग्र विकास के लिए एकजुट हों। वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि इस सुलह से नगर परिषद अब केवल राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का केंद्र न बनकर, जनसेवा और विकास का प्रभावी माध्यम बनेगी। अध्यक्ष श्रीमती इंदरजीत कौर खनूजा से अपेक्षा है कि वे सभी पार्षदों को साथ लेकर चलेंगी और शहर की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देंगी, जिससे अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

## हनुमान मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना हुई

**जागरण, टिमरनी।** शुक्रवारा शंकर मंदिर प्रांगण स्थित श्री पंचमुखी हनुमानजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में शुक्रवार को पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ शिखर पर कलश स्थापना की गई। श्रद्धा और उत्साह से ओत-प्रोत माहौल में आयोजित इस पावन अनुष्ठान में सुबह से ही पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस मौके पर मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक ध्वज और विविध सजावटों से भव्य रूप में सजाया गया, जिससे पूरा परिसर दिव्य आभा से जगमगा उठा। विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजा एवं अनुष्ठान संपन्न किए गए। सायं 5 बजे मुख्य पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर शिखर पर कलश की स्थापना की। इसके पश्चात शाम को मंदिर परिसर में भव्य आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागी होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। यह पूरा आयोजन श्री पंचमुखी हनुमान सेवा समिति टिमरनी द्वारा शुक्रवारा शंकर मंदिर परिसर में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों ने हनुमानजी के जयकारों के बीच इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाया।

## महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान



**जागरण, हरदा।** जिले के टिमरनी तहसील मुख्यालय में गुरुवार शाम एक महिला ने जहरीली दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में उसे टिमरनी अस्पताल लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार टिमरनी के लोधी मोहल्ला वार्ड नंबर 9 निवासी दुर्गा पति कमलेश कौशल 32 ने अपने ही घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। घटना के समय उसका पति इटारसी के पास ग्राम पांजरा में मिस्त्री का काम करने गया हुआ था। दुर्गा की शादी 13 साल पहले हुई थी और उसकी दो बेटियां हैं। बताया जाता है कि वह लंबे समय से अस्थमा और माइग्रेन की बीमारी से परेशान थी। आशंका है कि बीमारी के कारण मानसिक तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया होगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। आत्महत्या के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद ही हो सकेगी।

# रामलीला लीला मंचन में भरत भेंट एवं अत्रि-अनुसुईया संवाद की लीला दिखलाई



**जागरण, टिमरनी।** श्री रामलीला मंडल टिमरनी के तत्वाधान में स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रतिदिन रामलीला मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। शुक्रवार को रामलीला लीला मंचन में भरत भेंट एवं अत्रि अनुसुईया संवाद की लीला दिखलाई गई, जिसमें भरत, शत्रुघ्न ननिहाल से वापस आते हैं, उन्हें माता केकई की करनी एवं महाराज दशरथ की स्थिति का पता चलता है। वे बहुत दुखी होते हैं, माता कैकई पर क्रोधित होते हैं। माता कैकई को भला बुरा कहते हैं। गुरु वशिष्ट द्वारा समझाया जाता है, तब भरत श्री राम को मनाने के लिए वन जाने की अनुमति गुरुजी से मांगते हैं और निवेदन करते हैं गुरुदेव माताजी और परिवार सहित हम सभी वन को चले और भैया राम को मना कर वापस अयोध्या लेकर आएंगे। भरत के नहीं मानने पर चित्रकूट की ओर प्रस्थान करते हैं, रास्ते में निषाद राज से भेंट होती है। निषाद राज से राम जी का हाल पूछते हैं तो उनके मन में बहुत दुख होता है। वहां से निषादराज को ही साथ लेकर आगे बढ़ते हैं, जिस जिस स्थान पर राम जी होकर गए उनके पीछे-पीछे उन सभी स्थानों को देखते हुए भरतजी चित्रकूट राम को मनाने पहुंचते हैं। वहां पर श्री रामचंद्र जी से बहुत प्रकार से विनती करते हैं, राम जी उनकी बात को नहीं मानते हैं और भरत को समझाते हैं कि इस समय में पिताजी की आज्ञा का पालन कर रहा हूं और आप भी अयोध्या का राज पाठ संभालते हुए पिता की आज्ञा का पालन करें। अंत में गुरु वशिष्ट के द्वारा भी बार-बार समझाने पर भी राम जी नहीं मानते हैं, तब भरत निवेदन करते हैं कि आपकी चरण पादुका मुझे दे दीजिए मैं सिंहासन पर रखकर राज्य का संचालन करूंगा। रामजी अपनी चरण पादुका भरत को दे देते है ओर भरत अयोध्या वापस लौटते हैं। उधर श्री रामचंद्र जी लक्ष्मण एवं जानकी जी अत्रि मुनि के आश्रम पहुंचते हैं। वहां पर माता अनुसुईया के द्वारा सीता जी को पत्नी का धर्म समझाया जाया जाता है और वस्त्र आभूषण भेंट किए जाते हैं। प्रतिदिन रामलीला मंचन रात्रि 8.30 बजे प्रारंभ होता है।

## सोयाबीन का मॉडल रेट 4207 रुपए जारी

**खण्डवा।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 11 दिसम्बर को 4207 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

## आज खंडवा आएंगे प्रभारी मंत्री लोधी

खण्डवा। प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी 13 दिसंबर को खंडवा में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री लोधी प्रदेश सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा भी करेंगे। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री लोधी जिले में बस्ती विकास योजना, वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण की प्रगति, उर्वरक एवं बीज की आपूर्ति तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की भी समीक्षा करेंगे।

रिकवरी की राशि जमा नहीं की, जिसके बाद सीईओ कोर्ट ने आदेश जारी किए

# खंडवा में सरपंच और सचिवों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी,6 पंचायतों में गबन




**जागरण खंडवा।** खंडवा में ग्राम पंचायतों में हुए भ्रष्टाचार के मामले में 6 सरपंच और सचिवों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं। यह आदेश न्यायालय जिला पंचायत सीईओ ने जारी किए है। सीईओ डॉ.नागार्जुन बी गौड़ा ने उन सरपंच और सचिवों के खिलाफ आदेश दिए है, जो कि भ्रष्टाचार मामले में दोषी साबित होने के बाद भी गबन का पैसा शासन को जमा नहीं कर रहे थे। इनके खिलाफ पूर्व में वसूली आदेश निकले हुए थे। जिन सरपंचों की गिरफ्तारी होना है, वह पूर्व सरपंच हो गए हैं।

## इनके खिलाफ जारी हुए वारंट

**1. पंधाना जनपद की गोडवाड़ी ग्राम पंचायत**

जनपद पंचायत पंधाना के तहत ग्राम पंचायत गोडवाडी में साल 2021/2022 में स्वीकृत सीसी रोड निर्माण का मामला है। राधेलाल के घर से सुनिल पाचोली के घर तक और नाली निर्माण बिहारी के घर से राकेश घर तक कार्य नहीं कराया गया। मामले में ग्राम पंचायत गोडवाडी की तत्कालीन सरपंच संगीताबाई व सचिव कोमलराम सांगुले के विरूद्ध मप्र पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत आदेश पारित हुए। 13 फरवरी 2024 को 6 लाख 3 हजार रूपए राशि के वसूली आदेश पारित हुए थे। लेकिन सरपंच व सचिव द्वारा वसूली राशि जमा नही कराई गई हैं। दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं।

**2. पंधाना जनपद की ग्राम पंचायत इस्लामपुर**

जनपद पंचायत पंधाना के तहत ग्राम पंचायत इस्लामपुर में मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों में अनियमितता बरतने के कारण ग्राम पंचायत इस्लामपुर की तत्कालीन सरपंच रामईबाई, सचिव मधु साकले व रोजगार सहायक मुशर्रफमिया के विरूद्ध आदेश पारित हुए थे। 28 मार्च 2024 को 2 लाख 2 हजार 458 रूपए राशि का वसूली आदेश पारित किया गया। लेकिन सरपंच, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक ने वसूली राशि जमा नहीं कराई।

**3. पंधाना जनपद की ग्राम पंचायत पाचम्बा**

जनपद पंचायत पंधाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पाचम्बा में साल 2021/22 में 15 वां वित्त आयोग से स्वीकृत नाली निर्माण माताजी मंदिर से अनूपसिंह की चक्की तक और सीसी रोड निर्माण इंदिरा आवास से आगंनवाडी भवन की ओर कार्य नहीं कराया गया। ग्राम पंचायत पाचम्बा के तत्कालीन सरपंच अशोक चौहान व सचिव मधु साकले के विरूद्ध आदेश जारी हुए। 1 मार्च 2024 को 3 लाख 25 हजार रूपए राशि का वसूली आदेश पारित कर राशि जमा कराने के लिए आदेशित किया गया था, लेकिन सरपंच व सचिव द्वारा वसूली राशि जमा नहीं की गई।

**4. जनपद पंचायत पंधाना की भिलाईखेड़ा ग्राम पंचायत**

जनपद पंचायत पंधाना के तहत ग्राम पंचायत भिलाईखेडा में पंच परमेश्वर योजनांतर्गत साल 2013/14 में स्वीकृत सीसी रोड छन्दुलाल पडल्या के घर से चंपालाल के घर तक कार्य पर राशि आहरित कर कार्य नहीं कराया गया। ग्राम पंचायत भिलाईखेडा की तत्कालीन सरपंच कमलाबाई के विरूद्ध आदेश जारी हुए। 2 नवंबर 2023 को 40 हजार रूपए वसूली आदेश पारित हुए, लेकिन सरपंच ने राशि जमा नहीं कराई।

**5. जनपद पंचायत पंधाना की ग्राम पंचायत चिचखेड़ा**

जनपद पंचायत पंधाना के तहत ग्राम पंचायत चिचखेडा में साल 2017/18 व 2018/19 में स्वीकृत सीसी रोड बैनीराम के घर से मेन रोड तक, पक्की नाली निर्माण सुखराम नत्थू के घर से रशीद के घर तक एवं पक्की नाली निर्माण दयाराम नत्थू के घर से फरीज काजू के घर तक कार्य नहीं कराया गया। मामले में 1 लाख 37 हजार 961 रूपए वसूली के लिए तत्कालीन सरपंच साबुद्दीन करीम खान के खिलाफ जारी हुए, उन्होंने राशि जमा नहीं कराई।

**6. पुनासा जनपद की ग्राम पंचायत बड़नगर रैय्यत**

जनपद पंचायत पुनासा के तहत ग्राम पंचायत बडनगर रैयत में साल 2012/13 में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य नहीं कराया गया। ग्राम पंचायत बडनगर रैयत के तत्कालीन सरपंच हरेराम पटेल के विरूद्ध आदेश जारी हुए। सरपंच के खिलाफ 27 मार्च 2024 को 1 लाख 83 हजार 561 रूपए राशि का वसूली आदेश पारित किया गया था, लेकिन वसूली राशि जमा नहीं कराई गई।

# भौंती में शिक्षक हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पुरानी रंजिश में रची साजिश, पीछा कर वेयरहाउस के पास गोली मारी थी



**जागरण, शिवपुरी।** जिले के भौंती थाना क्षेत्र में शिक्षक कल्याण लोधी की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी प्राण सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया। एडिशनल एसपी संजीव मुले ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। यह घटना 1 दिसंबर की शाम हुई थी। शिक्षक कल्याण लोधी अपने चचेरे भाई अनिल लोधी के साथ कमलपुरा स्कूल से गांव ऊमरीकला लौट रहे थे। तभी गणेशखेड़ा वेयरहाउस के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल कल्याण लोधी ने झांसी ले जाते समय दम तोड़ दिया। शुरुआत में परिजनों ने मुरारी लोधी, उसकी पत्नी सविता और अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक के चाचा बीरसिंह लोधी और मुरारी लोधी के बीच 2019 से विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश को लेकर मुरारी ने कल्याण को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी। लगातार जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गुरुवार (11 दिसंबर) को ग्राम भगवंतपुरा निवासी प्राण सिंह यादव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मुरारी लोधी ने प्राण सिंह को अपने मामलों में मदद का भरोसा दिया था और बदले में हत्या करवाने को कहा था। वारदात वाले दिन सुबह मुरारी की पत्नी सविता और एक युवक ने प्राण सिंह को देशी कट्टा दिया। बाद में पिछोर कोर्ट के बाहर मुरारी ने उसे 12 बोर का कारतूस दिया और अपने दामाद जितेंद्र उर्फ कल्ला लोधी के साथ भेजा। दोनों ने कमलपुरा स्कूल से ही कल्याण लोधी का पीछा शुरू किया। गणेशखेड़ा वेयरहाउस के पास प्राण सिंह ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। वारदात के दौरान कट्टा टूट गया था, जिसका टुकड़ा पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किया है।

# 14 से साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट का शुभारंभ

**जागरण, शिवपुरी।** जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को उनकी उपज के लिए सीधा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक सराहनीय कदम उठाया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में कृषि विभाग शिवपुरी द्वारा 14 दिसंबर से हर रविवार पुरानी कृषि अनाज मंडी परिसर, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के पास जैविक एवं प्राकृतिक हाट की शुरुआत की जा रही है। कलेक्टर चौधरी ने इसे किसानों की आय बढ़ाने और नागरिकों को शुद्ध, ताज़ा एवं रसायन-मुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में अभिनव पहल बताया। उनका कहना है कि लक्ष्य शिवपुरी को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में आदर्श जिला बनाना है। इस हाट में जिले के प्राकृतिक एवं जैविक किसान अपनी उपज जैविक सब्जियां, दालें, अनाज, फल, देसी खाद्य उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेच सकेंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी और किसानों को मिलेगा उचित मूल्य, साथ ही उनकी आय में भी होगी सीधी वृद्धि। जैविक एवं प्राकृतिक हाट के माध्यम से शहरवासियों को शुद्ध, रसायन-मुक्त और पोषणयुक्त खाद्य सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। यह पहल लोगों के स्वास्थ्य और जीवनशैली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कृषि विभाग द्वारा चयनित जैविक एवं प्राकृतिक किसानों को इस हाट में शामिल किया जाएगा। विभाग किसानों को उत्पादन तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विपणन संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन भी देगा। यह हाट हर रविवार निर्धारित स्थल पर आयोजित होगा, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों के किसान भाग लेंगे। प्रशासन जल्द ही इस हाट को एक स्थायी व विस्तृत रूप देने की योजना पर भी काम कर रहा है।

# तस्कर को दबोचा, स्विफ्ट कार एवं विदेशी मदिरा जब्त

**जागरण, शिवपुरी।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा सक्रिय अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के निर्देशन में 12 दिसम्बर को आबकारी वृत कोलारस क्षेत्र में की गई कार्यवाही के दौरान टीम ने एक मदिरा तस्कर को दबोचते हुए बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की।

कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता सहित विभागीय टीम द्वारा मुढ़ेरा चौराहा पर एक मारूति स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 33 सी 4340 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 60.84 बल्क लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा परिवहन करते हुए पाई गई। मदिरा को मौके पर जब्त कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।





## डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश के सफलतम 2 वर्ष पर विशेष



# सीएम डॉ मोहन यादव सरकार के स्वर्णिम दो वर्ष में खरगोन को

## यूनिवर्सिटी, बटालियन, बॉयपास, मेडिकल कॉलेज की बड़ी सौगातें दिलाई

## देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने प्रदेश को समृद्ध ,खुशहाल और विकसित बनाने की परिकल्पना को साकार रूप दिया







तेज रफ्तार से समृद्ध होते खरगोन को लेकर पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार हमेशा अपने जनसेवा और लोक कल्याण के बड़े आयोजनों में दावा करते थे खरगोन संभाग बनेगा। उनकी इस दावे की परिकल्पना को डॉ मोहन यादव सरकार ने अपने पहले आयोजन में ही श्री पाटीदार की मांग पर कांति सूर्य टंट्या भील विश्व विद्यालय की महत्वपूर्ण सौगात देकर पश्चिम निमाड़ खरगोन को संभाग बनाने के रास्ते खोल दिए। आज खरगोन में कांतिसूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय संचालित होकर विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है। इसी तरह खरगोन, खंडवा, बडवानी, धार, और बुरहानपुर की मध्यस्थता रेंज देखते हुए सैन्य बटालियन के लिए भी घोषणा होकर भूमि चिह्नित हो चुकी है। बटालियन की बुनियाद रखी जाएगी। इसी के साथ खरगोन को मेडिकल कॉलेज की सौगात होकर उसकी बाउंड्री वाल बनवा दी गई है। और सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के प्रयासों से बायपास की सौगात मिली है। निश्चित रूप से सीएम डॉ मोहन यादव सरकार के स्वर्णिम दो वर्ष के कार्यकाल खरगोन के लिए भी स्वर्णिम बने खरगोन को यूनिवर्सिटी, बटालियन , मेडिकल कॉलेज, बायपास जैसी सौगातें मिली।

## खरगोन विधानसभा ही नहीं निमाड़ के विकास के भागीरथी विधायक एवं पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार

पूर्व कृषिमंत्री बालकृष्ण पाटीदार एवं खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने अपनी भाजपा सरकार के कार्यकाल में खरगोन विधानसभा को ही नहीं अपितु निमाड़ को विकास की रफ्तार में तेजी से लाने के भरसक प्रयास किए। एक वरिष्ठ किसान नेता के रूप में उन्होंने हमेशा किसानों को मजबूती के लिए अपनी सरकार से बिजली और पानी की महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति की दरकार की। श्री पाटीदार कहते है निमाड़ एवं खासकर खरगोन जिला कृषि प्रधान जिला है। इसकी जलवायु सभी फसलों को लेने में सक्षम है। खरगोन के किसानों के पास पहले नहीं था तो बिजली और पानी वरना यदि इन्हें यह दोनों दे दी जाए तो खरगोन का किसान ही नहीं खरगोन समृद्ध होगा। वर्षों पहले करीब 25 वर्षों से अधिक समय से उनकी यहीं आवाज खरगोन के किसानों के लिए और निमाड़ अंचल के लिए भागीरथी प्रयास बनी। सिंचाई की योजनाओं का ऐसा जाल लिफ्ट एरिकेशन का खींचा की खरगोन के सूखे ,बंजर इलाको में नर्मदा उद्वहन परियोजना से तो नर्मदा का जल किसानों के खेतो तक पहुंचाया। किसानों ने नर्मदा जल नहरों से अपने खेतों तक पहुंचने पर मां नर्मदा को चुनरी ओढ़ाकर अगवानी की । यही क्रम मां नर्मदा से बड़वाह ,सनावद , गोगावां इलाके में हुआ तो दूसरी ओर खंडवा के पूर्व सांसद नंदकुमार सिंह चौहान से अपने इलाके की समृद्धि किस तरह आगे बढ़ी है बताते हुए भीकनगांव और झिरन्या क्षेत्रों में बिजलवाड़ा योजना , बिस्टान इलाके में बिस्टान उद्वहन वही खरगोन की बड़ी नदियों से अपरवेदा से झिरन्या इलाके और कसरावद इलाके में नर्मदा जल से बांधो को लबालब कर सूखे इलाको को सिंचित कराने में पूरी ताकत झोंकी। पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार हमेशा किसानों की मजबूती कैसे की नब्ज को जानने वाले नेता रहे । अपनी आवाज से अपनी ही सरकार को किसान को कैसे समृद्ध किया जाए यह भी बताते रहे आज खरगोन ही नहीं निमाड़ अंचल को भाजपा सरकार ने खेती किसानी में मिनी पंजाब बना दिया। श्री पाटीदार का दावा यथार्थ रूप में सामने है पश्चिम निमाड़ खुद समृद्ध है उसके किसान को पानी और बिजली दे दो।

## विकास की रफ्तार एवं बढ़ते कदम को लेकर पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार का सपना खरगोन बनेगा संभाग

पूर्व कृषिमंत्री बालकृष्ण पाटीदार एवं खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने अपनी भाजपा सरकार के कार्यकाल में खरगोन विधानसभा को ही नहीं अपितु निमाड़ को विकास की रफ्तार में तेजी से लाने के भरकस प्रयास किए। एक वरिष्ठ किसान नेता के रूप में उन्होंने हमेशा किसानों को मजबूती के लिए अपनी सरकार से बिजली और पानी की महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति की दरकार की। श्री पाटीदार कहते है निमाड़ एवं खासकर खरगोन जिला कृषि प्रधान जिला है इसकी जलवाई सभी फसलों को लेने में सक्षम है। खरगोन के किसानों के पास पहले नहीं था तो बिजली और पानी वरना यदि इन्हें यह दोनों दे दी जाए तो खरगोन का किसान ही नहीं खरगोन समृद्ध होगा। वर्षों पहले करीब 25 वर्षों से अधिक समय से उनकी यहीं आवाज खरगोन के किसानों के लिए और निमाड़ अंचल के लिए भागीरथी प्रयास बनी। सिंचाई की योजनाओं का ऐसा जाल लिफ्ट एरिकेशन का खींचा की खरगोन के सूखे ,बंजर इलाको में नर्मदा उद्वहन परियोजना से तो नर्मदा का जल किसानों के खेतो तक पहुंचाया। किसानों ने नर्मदा जल नहरों से अपने खेतों तक पहुंचने पर मां नर्मदा को चुनरी ओढ़ाकर अगवानी की ।यही क्रम मां नर्मदा से बड़वाह ,सनावद ,गोगावां इलाके में हुआ तो दूसरी ओर खंडवा के पूर्व सांसद नंदकुमार सिंह चौहान से अपने इलाके की समृद्धि किस तरह आगे बढ़ी है बताते हुए भीकनगांव और झिरन्या क्षेत्रों में बिजलवाड़ा योजना , बिस्टान इलाके में बिस्टान उद्वहन वही खरगोन की बड़ी नदियों से अपरवेदा से झिरन्या इलाके और कसरावद इलाके में नर्मदा जल से बांधो को लबालब कर सूखे इलाको को सूचित कराने में पूरी ताकत झोंकी। पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार हमेशा किसानों की मजबूती कैसे की नब्ज को जानने वाले नेता रहे । अपनी आवाज से अपनी ही सरकार को किसान को कैसे समृद्ध किया जाए यह भी बताते रहे आज खरगोन ही नहीं निमाड़ अंचल को भाजपा सरकार ने खेती किसानी में मिनी पंजाब बना दिया। श्री पाटीदार का दावा यथार्थ रूप में सामने है पश्चिम निमाड़ खुद समृद्ध है उसके किसान को पानी और बिजली दे दो।

## कृषि और जनसेवा से रिश्ता बेटा नितिन पाटीदार भी उसी पथ पर .....



पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार जिस प्रकार से निमाड़ के वरिष्ठ किसान नेता के रूप में पहचान रखते है उसी तर्ज पर उनके पुत्र नितिन पाटीदार भी खेत की मिट्टी से खासा लगाव है। नितिन पाटीदार अपने खेती किसानी की ऊर्जा को बनाए हुए है । समय समय पर उनके सोशल मीडिया माध्यमों पर उनके खेत की फसल के बीच पहुंचने एवं उसकी पैदावार पर पैनी नजर के वीडियो सामने आते है। नितिन पाटीदार युवा किसान नेता के रूप में विस्थापित हो चुके है उनके जनसेवा की ओर बढ़ते कदम पिता के चुनावी मैदान में होने पर पूरी बागडोर उन्हीं के द्वारा संभाली जाती है। यह बहुचर्चा में रहा है कि वे सफल चुनावी रणनीतिकार रहे है उनकी रणनीति ने हर चुनाव में पिता की सफलता में भागीदारी निभाई है। आज सामाजिक समरसता हों उस दिशा में भी युवा किसान नेता नितिन पाटीदार से इलाके के छोटे छोटे इलाके के लोग सीधे जुड़े हुए है । नितिन पाटीदार का अनुशासन और बौद्धिकता का ताना बाना स्पष्ट झलकता है। एकता का सूत्र उनके परिवार में बहुत बड़े परिवार के रूप सामाजिक रूप से उदाहरण बना हुआ है। इन्हीं अच्छाइयों का नतीजा है कि विधानसभा खरगोन के लोग पूर्व कृषिमंत्री बालकृष्ण पाटीदार एवं उनके पुत्र नितिन पाटीदार से दिल के रिश्ते रखते है।

## मोहम्मदपुर का नाम बदलकर बजरंगपुर होने से इलाके में खुशी की लहर दौड़ी डॉ मोहन यादव सरकार के जयकारे गूंजे

डॉ मोहन यादव सरकार के कार्यकाल को स्वर्णिम बनाने में उनके तेजी से जनभावनाओं की मांगों को पूरा करना भी शामिल है ।इसी कड़ी में खरगोन विधानसभा के ही एक ग्राम मोहम्मदपुर का नाम इलाके के लोग काफी समय से बदलने की मांग कर रहे थे। विधायक एवं पूर्व कृषिमंत्री बालकृष्ण पाटीदार ने जनभावना की मांग को अपने मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तक पहुंचाई हाल ही कुछ समय पहले मोहम्मदपुर का नाम बदलकर बजरंगपुर रखा गया। यह खरगोन विधानसभा ही नहीं जिले का पहला गांव है जिसका नाम जनभावनाओं के अनुरूप बदला गया। खास मांग यह भी थी कि इस गांव में हनुमान जी की बड़ी मूर्ति है । यह मंदिर प्रसिद्ध है जनभावना यह थी कि मंदिर की प्रसिद्धि अनुसार ही गांव का नाम बजरंगपुर रखा जाए। डॉ मोहन यादव सरकार ने वही किया। जैसे ही पूर्ण प्रक्रिया के बाद यह गांव का नामकरण बजरंगपुर रखा जाने की विधिवत घोषणा हुई गांव में दीपावली की तरह दीपक लगाकर खुशियां मनाई गई । आतिशबाजी की गई मिठाइयां बाटी गई। दो दिनों तक गांव में उत्सव चला ओर डॉ मोहन यादव एवं पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार के नाम के गगनभेदी जयकारे लगाए गए।



## घुड़सवारी एवं धर्मशाला वाले विधायक ...




निर्माण के वरिष्ठ किसान नेता के रूप में पहचाने जाने वाले क्षेत्रीय विधायक बालकृष्ण पाटीदार को इलाके में अपितु पूरे निमाड़ अंचल में घुड़सवारी वाले और धर्मशाला वाले विधायक के रूप में पहचाना जाता है कारण यह है कि क्षेत्रीय विधायक अपनी उम्र के 73 वे साल में भी एक अच्छी घुड़सावरी कर लेते है। चुनावी मौका हो या विधानसभा के गांवों में विकास कार्यों के भूमिपूजन या शिलान्यास का अवसर लोगों की हार्दिक इच्छा रहती है श्री पाटीदार को गाजे बाजे के साथ लाया जाए एवं उनके उत्साही जुलुश में श्री पाटीदार से घुड़सवारी करवाई जाए। कारण यह है कि श्री पाटीदार की घोड़े की लगाम पर इतनी मजबूत पकड़ है कि वह ढोल की थाप पर घोड़े को खुद उसकी पीठ पर सवार होकर नचा लेते है। इसी तरह विधायक बालकृष्ण पाटीदार को धर्मशाला वाला विधायक भी कहते क्योंकि श्री पाटीदार का कहना है कि किसी क्षेत्र का विकास या समाज का विकास आपस में लोगों के बैठकर मंथन से ही संभव है । इसके लिए लोगों के पास बैठने की जगह होना चाहिए इसलिए श्री पाटीदार ने अपने तीन मर्तबा के विधायकी कार्यकाल एवं एक मर्तबा के मंत्री कार्यकाल में विधानसभा में आने वाले



सभी समाजों के लोगों की जब भी धर्मशाला की मांग रही उसे अपनी निधि से पूरा किया। आज विधानसभा में गांव गांव अलग अलग समाजों की धर्मशालाएं विधायक पाटीदार की इस महती सोच से बनी हुई है लगभग 350 धर्मशालाओं का उन्होंने निर्माण करवाया है। लोग यहां बैठकर अपने सामाजिक मामले एवं अपने परिवार के सुख दुख के कार्य कर पा रहे है इलाके के लोग उन्हें इस कार्य के लिए साधुवाद देते है। क्षेत्रीय विधायक की यह सोच उनकी सामाजिक समरसता को भी मजबूत करती है। क्योंकि उन्होंने हर समाज की धर्मशाला बनाने में अपनी भूमिका निभाई। क्षेत्रीय विधायक श्री पाटीदार आज उन्हीं कारणों से लोगों के चहेते नेता है। श्री पाटीदार की कार्यप्रणाली और सोच संघ की परिपाटी एवं योग से भी परिपूर्ण है। आज भी वह सरकार सूर्य नमस्कार आयोजनों में सभी आसनों को सरलता और सहजता से करते नजर आते है।













## न्यूज कार्नर

### मां नर्मदा प्रकट्योत्सव के लिए बैठक 14 को

**जागरण, नर्मदापुरम।** मां नर्मदा प्रकट्योत्सव एवं नगर नर्मदापुरम गौरव दिवस महोत्सव तथा संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला वर्ष 2026 के आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में सक्षम समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री नर्मदापुरम राकेश सिंह की अध्यक्षता में रविवार 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के रेवा सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**जागरण, नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को जिला न्यायालय नर्मदापुरम में किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा एडीआर सेंटर के सभाकक्ष में 13 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा।

### इंडियन ऑयल के डिपो पूवर मेजर की हुई जांच

**जागरण, नर्मदापुरम।** नापतौल विभाग द्वारा नर्मदापुरम संभाग के इंडियन आयल कंपनी के पेट्रोल डीजल विक्रेता की उपस्थिति में इटारसी स्थित इंडियन ऑयल के डिपो के प्रूवर मेजर की जांच कर सत्यापित किया गया। प्रूवर मेजर द्वारा पेट्रोल पंप की टैंक लॉरी का सत्यापित की जाती है जिससे पहले नापतौल विभाग के प्रभारी सहायक नियंत्रक सलिल ल्यूक द्वारा अपने स्टाफ के कर्मचारी आशीष श्रीवास्तव के साथ 20 लीटर कॉनिकल मेजर की जांच विभाग के सत्यापित मेजर द्वारा की गई। जांच के समय सतीश कुमार द्विवेदी वरिष्ठ डिपो प्रबंधक, ढ्ढष्ट पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, सचिव राजेश गौर, संभाग के डीलर भी उपस्थिति रहे।

### लंबित मामलों में मिलेगी विशेष छूट

**जागरण, नर्मदापुरम।** जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को प्रातः10 से सायं 04 तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित हो रहा है। उप महाप्रबंधक (कार्या.) नर्मदापुरम वृत्त ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 के तहत लंबित मामलों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट भार तक के गैर-घरेलू, 10 अश्वशक्ति (एचपी) भार तक के औधोगिक उपभोक्ताओं को विशेष छूट का प्रावधान किया गया है।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर के अमर चौक क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई। एक 40 वर्षीय महिला गीता गोस्वामी का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका की बेटी दोपहर लगभग 12 बजे घर पहुंची और उसने अपनी मां को फंदे पर लटका देखा। घबराई हुई बेटी ने तुरंत पड़ोसियों और परिचितों को सूचना दी। परिजनों ने पहुंचकर शव उतारा। सूचना मिलते ही मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। कोतवाली थाना पुलिस टीम पहुंचती उससे पहले ही परिजनों ने शव को नीचे उतार दिया था। कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट होगा।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**जागरण, पिपरिया।** शासकीय आरएनए खेल मैदान में शुक्रवार से राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई। प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मुख्य अतिथि बलराम सिंह बैंस (अध्यक्ष, एकता स्पोर्ट्स क्लब) ने फुटबॉल को किक मारकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता नवीनता नागपाल ने की, जबकि विनोद कटकबार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

ग्रामवासी जुगीया बाई के निवास पर पहुंचकर बायोफ्लॉक टैंक का किया अवलोकन

# कलेक्टर ने आदिवासी विस्थापित गांवों में जानी समस्याएं, किया निराकरण

**जागरण, नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले के दूरस्थ आदिवासी विस्थापित ग्राम धाई एवं कागड़ी का भ्रमण कर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत स्थापित बायोफ्लोक टैंक एवं मत्स्य पालन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन के संबंध में की जा रही गतिविधियों एवं विभागीय प्रगति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि मत्स्य पालन में संलग्न किसानों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी मार्गदर्शन और नियमित सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसान मत्स्य उत्पादन से अधिक लाभ अर्जित कर सकें। उन्होंने किसानों से चर्चा कर मछली पालन की संपूर्ण प्रक्रिया, चारे की उपलब्धता, उत्पादन क्षमता तथा विभाग द्वारा प्रदत्त सहयोग के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सहायक संचालक मत्स्य विभाग से बायोफ्लोक तैयार करने की विधि एवं



मछलियों को दिए जाने वाले चारे की गुणवत्ता एवं उपलब्धता संबंधी विवरण भी प्राप्त किए। इसके पश्चात उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत ग्राम नयाधाई, विकासखंड माखननगर के हितग्राही श्री बुधमान एवं श्रीमती जुगिया बाई द्वारा स्थापित बायोफ्लोक टैंक का निरीक्षण किया तथा जुगिया बाई के निवास पहुंचकर उनसे कार्य प्रगति एवं योजना के लाभों पर विस्तृत चर्चा की।

कलेक्टर ने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी। ग्रामवासियों ने विद्युत व्यवस्था, पीएम आवास योजना तथा किसान सम्मान निधि से संबंधित मुद्दों से कलेक्टर को अवगत कराया।

कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि एसटीआर से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण केबल का उपयोग कर शीघ्रता से विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि विद्युतीकरण की व्यवस्था जल्द ही पूरी की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि पीएम आवास योजना हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ प्रदान किया जा सके।

साथ ही कलेक्टर ने तहसीलदार माखननगर को निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों की आर.ओ.आर. (खसरा) दर्ज करने की कार्यवाही प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण की जाए, जिससे ग्रामवासियों को दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद किसान सम्मान निधि का लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक मत्स्य विभाग बीरेंद्र चौहान, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक नागवंशी, तहसीलदार सोहागपुर, तहसीलदार माखननगर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## इकाइयों का उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन बढ़ाया जाए : कलेक्टर



कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित पीएमएफएमई योजना से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा स्थापित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर हितधारकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजना से मिले लाभ, उत्पादन क्षमता, व्यवसाय विस्तार, विपणन प्रणाली तथा रोजगार सृजन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने नर्मदापुरम स्थित अमृत श्री मसाला यूनिट की संचालक श्रीमती आरती खंडेलवाल एवं विकसित एएलपी महिला स्वसहायता समूह से यूनिट संचालन की प्रक्रिया, योजना से प्राप्त अनुदान, उत्पाद निर्माण और विक्रय व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देशित किया कि मसाला एवं आटा उत्पादन इकाई के उत्पादों के प्रभावी विक्रय के लिए ठोस प्रयास किए जाएं, जिससे लाभान्वित हितग्राहियों की आय में और वृद्धि हो सके। इसके पश्चात कलेक्टर ने विकासखंड माखननगर के ग्राम समौन में सिंघाड़ा एवं मखाना उत्पादन कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से सिंघाड़ा एवं मखाना उत्पादन की तकनीकों, खेती की विधि तथा प्राप्त लाभों पर चर्चा की। इस दौरान कृषक श्री अरविंद दुबे ने बताया कि उन्होंने दरभंगा स्थित मखाना अनुसंधान केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा अब मखाने के बीज भी स्वयं तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन की सहायता एवं विभागीय मार्गदर्शन से यह खेती और अधिक लाभदायक सिद्ध हो रही है। कलेक्टर ने उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर मखाना प्रसंस्करण एवं विपणन की संभावनाओं को तलाशा जाए तथा कृषकों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने पीएमएफएमई योजना से लाभान्वित एक अन्य हितग्राही श्रीमती नेहा व्यास द्वारा संचालित सतपुड़ा पिकल्स इकाई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अचार उत्पादन, पैकेजिंग, प्रसंस्करण और विपणन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने स्थानीय स्तर पर विक्रय बढ़ाने के लिए उपयोगी सुझाव भी हितग्राहियों के साथ साझा किए तथा उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देश दिए कि उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री, मेलों एवं विभिन्न आयोजनों में स्टॉल लगाकर प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाए। इसी क्रम में कलेक्टर ने सेमरी हरचंद क्षेत्र में हितग्राही श्री लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा द्वारा ड्रिप मल्चिंग पद्धति से की जा रही बागवानी एवं सब्जी खेती का निरीक्षण किया। कृषक द्वारा बताया गया कि इस पद्धति से पैदावार में वृद्धि हुई है, खरपतवार एवं कीटजनित रोगों से निजात मिलती है तथा उर्वरकों का वाष्पीकरण नहीं होने से पौधों को निरंतर पोषण मिलता रहता है। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों के प्रयासों की सराहना करते हुए शासन की योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार स्थापना को अत्यंत लाभकारी पहल बताया और उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक उद्यान की रीता उईके, तहसीलदार माखननगर, तहसीलदार सोहागपुर सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मालाखेड़ी चौराहे सहित अन्य सड़कों से हटाया अतिक्रमण



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगरपालिका की टीम द्वारा लगातार नगर को अतिक्रमण मुक्त करने तथा नगर की सड़कों फल और सब्जी ठेले वालों को हटाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचा जा रहा है। शुक्रवार को नगर के अनेक स्थानों पर अतिक्रमण मुहिम चलाई गई।

अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार अतिक्रमण मुहिम चलाई जा रही है। आज मालाखेड़ी तिराहे, सतरस्ते, नेहरू पार्क आदि सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया। फल एवं सब्जी विक्रेताओं को सड़क से हटाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही उन्हें समझाश दी जा रही है। श्री राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष और सीएमओ के अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश हैं। कोई भी व्यक्ति सड़क मार्ग अवरूद्ध न करें, अन्यथा जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। अतिक्रमण हटाते समय तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर उपस्थित रहे।

## अंतिम नेशनल लोक अदालत 10698 प्रकरणों के निराकरण हेतु 24 न्यायिक खण्डपीठ गठित

**जागरण, नर्मदापुरम।** जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालया में दिनांक 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई के लिए 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया है, जो न्यायालय में लंबित लगभग 561 मामलों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जायेगा। साथ ही ऐसे मामलें जो न्यायालय में पेश नहीं हुये है, प्रीलिटिगेशन के रूप में रखे जायेंगें जिनमें विद्युत बिल बकाया से सबंधित 4787 मामले, बैंक ऋण बकाया से संबंधित 4931 मामले, टेलीफोन बिल बकाया से संबंधित 209, जलकर एवं संपत्तिकर, दुकान किराया, से संबंधित 210 मामलों का निराकरण किया जायेगा। अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश एवं सेशन न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसे सभी पक्षकारों से जिनके प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किये जा सकते हो, से अपील की गई है कि वे 13 दिंसबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में उपस्थित होकर इस अवसर का अवश्य लाभ उठायें। विजय कुमार पाठक, न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा। इस नेशनल लोक अदालत में बैंक ऋण की बकाया राशि, विद्युत के देयकों की बकाया राशि तथा नगरीय निकायों के जलकर, संपत्तिकर, दुकान किराया, आदि की बकाया राशि के प्रकरणों में अधिभार पर छूट भी संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की जा रही।

# पिपरिया एवं बनखेड़ी में दो सत्रों में दिया अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण

### ई-ऑफिस की तकनीक से अवगत कराने आयोजित हुए प्रशिक्षण सत्र



**जागरण, नर्मदापुरम।** जिले में ई-ऑफिस क्रियान्वयन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बनखेड़ी एवं पिपरिया में दो सत्रों में निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की एवं ई ऑफिस से जुड़े आवश्यक बिंदुओं को समझा।

बनखेड़ी प्रथम सत्र में तहसील बनखेड़ी एवं जनपद पंचायत बनखेड़ी में ई-ऑफिस संचालन की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बनखेड़ी श्रीमती रीना कुमारिया तथा तहसीलदार बनखेड़ी श्रीमती अंजू लोधी स्वयं उपस्थित रहीं। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति से निरीक्षण एवं प्रशिक्षण को विशेष सहयोग और दिशा प्राप्त हुई। निरीक्षण के उपरांत आयोजित प्रशिक्षण में फाइल प्रबंधन, ड्राफ्टिंग, डायरी/डिस्पैच, संदर्भ संलग्नकरण, पार्किंग/अनपार्किंग तथा अनुमोदन श्रृंखला जैसे महत्वपूर्ण मॉड्यूल्स का चरणबद्ध और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।कई तकनीकी समस्याओं का समाधान भी प्रदर्शित किया गया।

पिपरिया द्वितीय सत्र में तहसील पिपरिया, जनपद पंचायत पिपरिया एवं एसडीएम कार्यालय पिपरिया का निरीक्षण किया गया। विशेष रूप से यह उल्लेखनीय रहा कि तीनों कार्यालयों के सभी कर्मचारी पूर्ण रूप से उपस्थित रहे, जिससे प्रशिक्षण में सहभागिता और प्रभाव दोनों अत्यधिक रहे। निरीक्षण के बाद कर्मचारियों को ई-ऑफिस के विभिन्न मॉड्यूल्स का लाइव डेमो दिया गया और व्यवहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यप्रवाह में चिन्हित कमियों के सुधार हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण दल के रूप में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष गुणवान, प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र प्रज्ज्वल शुक्ला, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक नर्मदापुरम संदीप कुमार चौरसिया उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर आयोजन



**जागरण, नर्मदापुरम।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय परिसर में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस के आयोजन में मरीजों और उनके परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह, सिविल सर्जन डॉ. भास्कर गुप्ता, पीएलव्ही शेरसिंह, पी.एल.व्ही. लोकेन्द्र गिरि तथा जिला स्वास्थ्य मीडिया प्रभारी सुनील साहू उपस्थित रहे। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा निःशुल्क टोल फ्री नंबर की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। सिविल सर्जन डॉ. भास्कर गुप्ता द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम, एचआईव्ही एड्स जागरूकता कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, जननी सुरक्षा योजना, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना, परिवायर नियोजन, सिकल सेल, निःशुल्क जांच, निःशुल्क उपचार, निःशुल्क डायलिसिस, जन औषधि केन्द्र सहित भारत एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आमजनों के लिय चलायी जा रही शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी का सांसद ने रखा विषय

**जागरण, नर्मदापुरम।** नई दिल्ली लोकसभा सदन में नियम 377 के अंतर्गत सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी का विषय रखा। भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद एक महत्वपूर्ण कृषि नीति है जो किसानों का समर्थन करती है और देश में खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करती है। केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाये हुए एमएसपी का किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है। वर्तमान में बिचौलियों द्वारा मक्के की कीमतों में गिरावट का फायदा उठाया जा रहा है। किसान का मक्का बाजार में 1000 रूपए से 1400 रूपए प्रति क्विंटल बिक रहा है, जिसमें किसानों की लागत भी उतनी हा आ रही है। इसलिए मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह किसानों को उनकी मेहनत का निश्चित व उचित दाम दिलाते हुए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी और किसानों आय को स्थिर रखने में मदद करेगी। जिससे वे भविष्य में भी मक्का उगाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। सरकार रूस्क पर खरीदें गये मक्का का उपयोग खाद्य आपूर्ति के साथ इथेनॉल उत्पादन जैसे उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कर सकती हैं।

**जागरुकता** | जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन नर्मदापुरम ने किया आयोजन

# साइबर सखी कार्यक्रम में किया जागरूक

**जागरण, नर्मदापुरम।** कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन नर्मदापुरम ने शुक्रवार को शासकीय गृह विज्ञान स्नाकोत्तर महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए साइबर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग तृप्ति त्रिपाठी, प्राचार्य शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय कामिनी जैन, ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम, प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण प्रीति यादव, परियोजना अधिकारी महिला एवं



बाल विकास नर्मदापुरम शहरी, हर्ष चचाने प्राध्यापक गृह विज्ञान महाविद्यालय, पुलिस विभाग से निरीक्षक रामजू ऊईके, आशु पटेल बाल संरक्षण अधिकारी, प्रतिभा वाजपेयी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अहान फाउंडेशन, मुंबई की शिल्पा चांदोलकर, जो रिस्पांसिबल नेटिस्ज्म की ट्रस्टी एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं, ने प्रशिक्षण सत्र दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के उपयोग एवं दुरुपयोग, साइबर अपराधों के प्रकार, पहचान व रोकथाम, ऑनलाइन जोखिम, रिपोर्टिंग प्रक्रिया और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही साइबर सुरक्षा में समुदाय की भूमिका और साइबर सखी की जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया।

संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने बालिकाओं को प्रशिक्षण की उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्राचार्य कामिनी जैन ने अहान फाउंडेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल ने किया और आभार प्रदर्शन सहायक निर्देशिका रश्मि वर्मा ने किया।

## सामुदायिक स्वच्छता परिसर की ऑनसाइट साफ-सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ

**जागरण, सिवनी मालवा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर की ऑनसाईट साफ-सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ जनपद पंचायत सिवनी मालवा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन के द्वारा कलस्टर शिवपुर के स्वच्छता साथी वॉश आन व्हील दीपक धुलिया को स्वच्छता कीट देकर किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रो में शौचालय की साफ- सफाई नही हो पाने से उनका उपयोग नही हो पाता था अब स्वच्छता साथी के द्वारा समय पर मशीनो के माध्यम से साफ सफाई हो सकेगी पहले शौचालय की हाथों से की जाती थी जिसके कारण सफाई कार्य



हेतु व्यक्ति नही मिलते थें । शौचालय की सफाई कराये जाने हेतु कोई भी व्यक्ति आनलाईन गूगल प्ले स्टोर से वॉश ऑन व्हील मोबाईल एप डाउनलोड कर घरेलू एवं संस्थागत / सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई हेतु आनलाईन आवेदन कर सकता है इस हेतु आनलाईन पोर्टल पर निर्धारित सफाई शुल्क देकर सेवा ली जा सकेगी। वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ के अवसार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रुति चौधरी, ब्लाक समन्वयक एसबीएम भवानी गाडरिया, एपीए राकेश नागर, एई रूपेश नागले समस्त जनपद स्टाफ एडीईओ, पीसीओ सभी ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित हुए।

## न्यूज कार्नर

### सरस्वती स्कूल में आनंद बाल मेला आज

**जागरण, इटारसी।** सरस्वती शिशु मंदिर, आर्यनगर, भारतीय स्टेट बैंक के पास विद्यार्थियों द्वारा आनंद बाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह रचनात्मक बाल मेला 13 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक चलेगा। इस बाल मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा खानपान और विविध खेल गतिविधियों के कई आकर्षक स्टाल लगाए जाएंगे। यह आयोजन बच्चों को अपनी रचनात्मकता और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा।

### आज कई क्षेत्रों में होगी तीन घंटे की कटौती

**जागरण, इटारसी।** विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इटारसी ने एक आवश्यक सूचना जारी करते हुए बताया है कि, शनिवार 13 दिसंबर को शहर के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से संचालित 11 केवी न्यास कॉलोनी फीडर की विद्युत सप्लाई सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के कारण बंद रखी जाएगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में विष्णु नगर कॉलोनी वीआईपी स्टेट, कावेरी स्टेट, गरीबी लाइन, बंगाली कॉलोनी, झुग्गी झोपड़ी, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, न्यास कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी, सोनू आटा चक्की, दुबे हॉस्पिटल शामिल हैं।

### ठंड नदारद, कड़ाके की सर्दी का इंतजार

**जागरण, इटारसी।** दिसंबर का महीना बीत रहा है, लेकिन इटारसी में इस वर्ष पिछले सालों जैसी कड़ाके की ठंड महसूस नहीं हो रही है। इटारसी में दिन के वक्त तेज धूप और शुष्क मौसम बना हुआ है। न घना कोहरा दिख रहा है, न ओस का असर और न ही कंपकंपा देने वाली शीतलहर। वर्तमान में न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री सेल्सियस से 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हो रहा है।

### कृषि उपज मंडी में सुरक्षाकर्मी नदारद, परिसर में शराब, जुआ और बेसहारा मवेशियों का कब्जा

# रात के अंधेरे में 'राम भरोसे' 65 एकड़ की मंडी

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिले की प्रमुख कृषि उपज मंडी, इटारसी, जो लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में फैली है, सुरक्षा और प्रबंधन की गंभीर कमियों के कारण रात के समय अराजकता और मवेशियों का अड्डा बन गई है। धान और मक्का के सीजन का हवाला देते हुए मंडी प्रशासन 40 सुरक्षाकर्मियों में से केवल 10 प्रतिशत 3 से 4 को ही रात में तैनात कर रहा है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि रात 11:30 बजे के बाद हमारी टीम को पूरे परिसर में एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं मिला। इसी कारण मंडी परिसर रात के अंधेरे में जुआ, शराबखोरी और किसानों के माल की चोरी के लिए पूरी तरह से असुरक्षित बना हुआ है।

### इनका कहना है...

हाल में आवक बढ़ने से दिन में सुरक्षाकर्मियों से ट्रैफिक व्यवस्था करवाई गई थी, इसलिए रात में कम लगाए गए। हमने पुलिस से गश्त के लिए पत्राचार किया है और सकारात्मक जवाब मिला है। यदि रात में सुरक्षाकर्मी नहीं मिले, तो मैं अवश्य इसका परीक्षण कराऊंगा और एक्शन लिया जाएगा।

**प्रशांत पांडेय,** मंडी सचिव





### रात के सन्नाटे में मंडी का हाल

**अलाव ही सहारा :** भीषण ठंड में किसानों को खुद का इंतजाम करके अलाव जलाते देखा गया, जबकि मंडी में ठहरने की व्यवस्था नाकाफी है।

**अपराध का केंद्र :** परिसर में कई जगह शराब की बोतलें मिलीं। जुआ खेलना आम बात है, पुलिस पूर्व में यहां से जुआरियों को पकड़ चुकी है।

**उपज की सुरक्षा पर सवाल :** बेसहारा मवेशी आराम से अनाज के बोरों में मुंह मार रहे थे। सचिव का तर्क है कि वे 'काऊकैचर' के बजाय भगाने का तरीका अपनाते हैं, लेकिन रात में यह व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त मिली। मवेशी अनाज खाते दिखे।

**बंद पड़ी उप-मंडी :** मुख्य मंडी पर भीड़ कम करने के लिए रैसलपुर में विकसित की गई उप-मंडी सालों से बंद पड़ी है।



### मंडी की 3 बड़ी खामियां

- **सुरक्षा शून्य रात :** 40 में से केवल 3-4 गार्ड रात में तैनात, लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला।
- **असामाजिक तत्वों का डेरा :** परिसर में शराब की बोतलें और मोबाइल की रोशनी में ताश खेलते लोग दिखे।
- **मवेशियों का डेरा :** यहां बेसहारा पशु अनाज के बोरों में मुंह मारते मिले, भगाने वाला कोई नहीं।

### तत्काल सुधार की जरूरत

सचिव ने आश्वासन दिया है कि वे रात के वक्त परीक्षण कराके व्यवस्था में सुधार करेंगे, लेकिन इसे ईमानदारी से और जल्द करके किसानों के करोड़ों के माल, मेहनत और सुरक्षा के लिए रात के अंधेरे में सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाने और उनकी ईमानदार मुस्तैदी सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है।

### नपा ने 250 से अधिक आवारा सूअर पकड़े

**जागरण, इटारसी।** शहर की स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए, इटारसी नगर पालिका परिषद ने आज आवारा सूअरों के खिलाफ एक बड़ा और विशेष अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 250 से अधिक आवारा सूअर पकड़े गए। नगर पालिका अध्यक्ष के सीधे निर्देशन में यह कार्रवाई पिछले दो दिनों से जारी है।

यह सघन कार्रवाई शहर के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में की गई है, जिनमें पुरानी इटारसी, गरीबी लाइन, सनखेड़ा नाका, जाटाव मोहल्ला, महर्षि कॉलोनी, मालवीयगंज, बुढ़ी माता के पीछे नाला मोहल्ला, मेहरा गाँव, बंगलिया नदी क्षेत्र, नगरखेड़ा, इंडस्ट्रियल एरिया, न्यास गरीबी लाइन तथा न्यास पेट्रोल पंप के पीछे के क्षेत्र शामिल हैं। अभियान में नगर पालिका को बड़ी सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक लगभग 200 से 250 आवारा सूअरों को पकड़ा जा चुका है। नगर पालिका परिषद, इटारसी ने शहर के सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग करने और अपने क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य बनाए रखने की अपील की है। नगर पालिका का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रह सकता है।

## एसपी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया बैडमिंटन स्पर्धा का उद्घाटन



**जागरण, इटारसी।** शहर में आज शुक्रवार, 12 दिसंबर को राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। यह प्रतियोगिता सांई फॉर्चून, इटारसी में आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने की। एसपी श्री थोटा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के साथ धर्मेंद्र मालवीय, अनिल बस्तवार, अजय पटेल, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, अनूप गांचले, विक्की तिवारी, संतोष बामने, सुशील बस्तरवार, अभिषेक पटेल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मां नर्मदा परिक्रमा तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कही जाने वाली पुण्य सलिला मां नर्मदा की परिक्रमा के लिए भक्तों का जत्था पुरानी इटारसी क्षेत्र, जयप्रकाश नगर से रवाना हुआ। कार्तिक मास की एकादशी से शुरू हुआ परिक्रमा जाने का यह सिलसिला अब भी निरंतर जारी है। जत्थे में शामिल तीर्थ यात्रियों ने नर्मदापुरम तट पर विधिवत पूजन-अर्चन किया और फिर परिक्रमा के लिए अपनी यात्रा शुरू की। मित्रों, स्नेही स्वजनों और परिजनों ने नर्मदा तट पर पहुंचकर पुष्पहारों से यात्रियों का स्वागत किया और उन्हें शुभ यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदा किया। यह माना जाता है कि नर्मदा ही विश्व की एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। प्राचीन काल से ही यह नदी दुर्लभ जड़ी-बूटियों, पुरातत्व धरोहरों, धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य को समेटे हुए मानव जीवन की आस्था का केंद्र बनी हुई है। वेद-पुराणों में इसके महत्व का वर्णन मिलता है।

## श्रम विभाग की कार्रवाई, श्रमिकों को मिला 6 लाख का बकाया वेतन, कंपनियों को चेतावनी

**जागरण, इटारसी।** श्रमिकों के शोषण और उनके हक का वेतन रोकने वाली कंपनियों के खिलाफ मध्य प्रदेश श्रम विभाग ने एक कड़ा संदेश दिया है। इटारसी स्थित रुध्दा फूड्स, कीरतपुर में कार्यरत उत्तर प्रदेश और बिहार के 6 श्रमिकों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला था, जिसके बाद श्रम विभाग ने न केवल त्वरित कार्रवाई की, बल्कि कंपनी से बकाया लाख रुपए की पूरी राशि वसूल कर सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में जमा करवाई।

### तुरंत एक्शन, मिला न्याय

मामला तब सामने आया जब पीड़ित श्रमिकों ने स्थानीय श्रम कार्यालय में वेतन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही सहायक श्रमायुक्त, नर्मदापुरम संभाग, ने इसे गंभीरता से लिया और क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।



श्रम निरीक्षक साहू ने बिना किसी देरी के अनावेदक संस्थान रुध्दा फूड्स पर दबाव बनाया और बकाया वेतन की वसूली सुनिश्चित की। इस तत्परता का नतीजा यह रहा कि 6 श्रमिकों का 6 लाख रुपए का रुका हुआ वेतन कुछ ही दिनों में उन्हें वापस मिल गया। श्रमिकों ने श्रम विभाग की इस कार्रवाई पर गहरा संतोष व्यक्त किया है।

### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

श्रम विभाग की इस त्वरित कार्रवाई को उन कंपनियों के लिए एक स्पष्ट चेतावनी माना जा रहा है जो श्रमिकों के अधिकारों का हनन करती हैं और उन्हें समय पर वेतन देने से चूकती हैं। अधिकारियों ने कहा कि श्रम विभाग श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी किसी भी संस्थान द्वारा वेतन रोकने या श्रमिकों के शोषण की शिकायत मिलने पर इतनी ही सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## आधारशिला अभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली शपथ

**जागरण, इटारसी।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त युवा, विकसित भारत की आधारशिला कार्यक्रम के तहत आज नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, नर्मदापुरम और कस्तूरबा विद्या मंदिर स्कूल, जमानी के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाकर एक सशक्त और विकसित राष्ट्र की नींव तैयार करना है।

कार्यक्रम के दौरान विहिप के जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें भारत को मजबूत बनाने के लिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना होगा। उन्होंने जोर दिया कि नशा हमारे युवाओं को कमजोर कर रहा है, जिससे हमारे भारत के भविष्य की नींव कमजोर हो रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य एवं नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह ने भी विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वयं तो नशे से दूर रहना ही है, साथ ही अपने आसपास के मित्रों, दोस्तों और परिजनों को भी किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह देनी चाहिए। दोनों स्कूलों के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने संयुक्त रूप से राष्ट्र निर्माण के लिए नशे से दूर रहने की शपथ ली। इस युवा संवाद कायक्रम के दौरान नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य इमरान खान, धीरेंद्र बुंदेला, श्रीमती श्वेता शुक्ला, कस्तूरबा विद्या मंदिर के प्राचार्य, विहिप जिलाध्यक्ष सुभाष दुबे और नितिन श्रीवास्तव सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

### आईओसी के प्रूवर मेजर का सत्यापन

**जागरण, इटारसी।** पेट्रोल और डीजल की माप-तौल में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए नर्मदापुरम संभाग के इंडियन ऑयल कंपनी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इटारसी स्थित इंडियन ऑयल डिपो के 'प्रूवर मेजर' की गहन जांच और सत्यापन पेट्रोल, डीजल विक्रेताओं की उपस्थिति में किया गया। 'प्रूवर मेजर' वह मुख्य उपकरण होता है जिसके माध्यम से पेट्रोल पंपों को तेल पहुंचाने वाली टैंकर लॉरी की क्षमता और सटीकता को सत्यापित किया जाता है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि उपभोक्ता को हमेशा सही मात्रा में ईंधन मिले।

सत्यापन की यह पूरी प्रक्रिया नाप-तौल विभाग की निगरानी में पूरी हुई। विभाग के प्रभारी सहायक नियंत्रक, सलिल ल्यूक, ने अपने स्टाफ कर्मचारी आशीष श्रीवास्तव के साथ मिलकर सबसे पहले 20 लीटर के 'कोनिकल मेजर' की जांच की।

## डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के लिए दो माह में जगह नहीं मिली तो होगा आंदोलन

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना की मांग, सौंपा ज्ञापन

**जागरण, इटारसी।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, नर्मदापुरम के नेतृत्व में शुक्रवार को इटारसी में एक ज्ञापन एसडीएम को दिया। ज्ञापन के माध्यम से नगर पालिका परिषद को चेतावनी दी गई है कि यदि दो माह के भीतर प्रतिमा स्थापना के लिए उचित स्थान का चयन नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हेमंत नरवरिया, महासचिव राजकुमार उपाध्याय, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, गजानंद तिवारी, नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल, गुमान सिंह मांडले, मधुसूदन यादव, मोहन झलिया, कमल चौधरी, पूर्व पार्षद अज्जू शुक्ला, नरेश चौहान, राजेंद्र जोशी, ओमकार शास्त्री सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### टूटा फाउंडेशन खंडित हुई प्रतिमा

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने ज्ञापन में नगर पालिका परिषद के पूर्व और वर्तमान रवैये पर सवाल उठाए। ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवि किशोर जायसवाल के कार्यकाल में थाने के पास एसीसी तिराहा प्रतिमा स्थापना के लिए निश्चित किया गया था। पूर्व परिषद ने यहां फाउंडेशन भी बनाया था, लेकिन परिषद बदलते ही उसे तोड़ दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा शासित नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाए और आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग प्रदीप अहिरवार ने कहा कि यदि दो महीने के अंदर नगर परिषद जगह का चयन नहीं करती है, तो आंदोलन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर हमारे पूजनीय हैं। हम अनुमति प्रदान न होने पर भी मूर्ति लाकर जल्द स्थापित करने के लिए तत्पर रहेंगे। जिला अध्यक्ष, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, नर्मदापुरम अजय अहिरवाल ने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव और जयंती पर जय भीम करती है, बाकी दिन गायब रहती है। जगह का चयन न होने पर क्रमिक भूख हड़ताल की शुरुआत की जाएगी।

**समारोह** | महामंत्री का दावा- अगले 5 साल में खत्म हो जाएंगे विरोधी संगठन

## मजदूर संघ ने धूमधाम से मनाया विजय दिवस

**जागरण, इटारसी।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत की पहली वर्षगांठ 12 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। चुनाव चिह्न गाय के साथ जबलपुर जोन में एकमात्र मान्यता प्राप्त संगठन बनने की खुशी में भोपाल मंडल कार्यालय में भव्य समारोह आयोजित किया गया।

### प्रमुख घोषणाएं

महामंत्री अशोक शर्मा का भोपाल मंडल सचिव कमलेश परिहार, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन परमार, एमएस पुरी समेत अन्य पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। इटारसी समेत 15 शाखाओं के अध्यक्ष-सचिवों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

महामंत्री श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि संगठन लगातार 5 साल तक कर्मचारी हित में काम करता रहा, तो भारतीय रेल में केवल तिरंगा झंडा ही रहेगा और अन्य संगठन समाप्ति की ओर चले जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि जनवरी माह में आठवां वेतन आयोग, हार्डशिप रिस्क अलाउंस और ओल्ड पेंशन स्कीम जैसे ज्वलंत मुद्दों पर रेलवे बोर्ड स्तर पर निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।



### गरीबों को सहयोग

मुख्य शाखा अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने बताया कि संगठन ने इस दौरान अनुकंपा नियुक्ति और अन्य नियुक्तियों के 8 से 10 लंबित मामलों में हस्तक्षेप करके गरीब परिवारों को नियुक्तियां और स्थानांतरण करवाकर राहत दिलाई है।












# विकास के पथ पर अग्रसर नगर परिषद, सोहागपुर



मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के कुशल नेतृत्व के साथ क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ठा विजयपाल सिंह का मार्गदर्शन सदैव नगर के विकास के लिए मिला है। विधायक विजयपाल सिंह क्षेत्र के विकास के लिए अपने भागीरथी प्रयासों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम तबके तक पहुंचाने प्रतिबद्ध रहते हैं। विधायक श्री सिंह के कार्यकाल में कभी भी योजनाओं के लिए अर्थ अभाव नही रहा। शासन स्तर से नगर विकास के लिए हमेशा वित्तीय प्रबंधन के लिए उच्च अधिकारियों और मंत्रियों से सीधा संवाद कर नगर के संपूर्ण विकास में अपनी रूचि को प्रदर्शित किया है। डा मोहन सरकार में विकास के अभ्युदय के यह दो वर्ष नगर परिषद सोहागपुर के विकास में भी मील का पत्थर साबित हुए हैं। विधायक जी का कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का कुशल नेतृत्व प्रदेश के साथ-साथ नगर को भी विकास पथ पर अग्रसर रखेगा।



मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इन दो वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों के माध्यम से प्रदेश में सुशासन की एक नई गाथा लिखी है, सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं। औद्योगिक विकास से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा दिया गया है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। कानून व्यवस्था- नक्सलवाद की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है, जिससे शांति और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। बुनियादी ढांचा-केन-बेतवा लिंक परियोजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर प्रगति हुई है।

**श्रीमती लता यशवंत पटेल**
अध्यक्ष, नगर परिषद



मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। डा मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के लोगों तक सहज रूप से पहुंच पा रहा है यह निश्चित रूप से पं.दीनदयाल उपाध्याय की जनकल्याणकारी सोच के सपने को साकार करने जैसा है। डबल इंजन की सरकार में सोहागपुर नगर परिषद भी विकास के पथ पर गतिमान है और विकास के विलक्षण कीर्तिमान स्थापित कर एक नया इतिहास रचने जा रही है। जिसका सीधा-सीधा श्रेय क्षेत्र के लोकप्रिय ऊर्जावान यशस्वी विधायक विजयपाल सिंह जी को जाता है। मैं क्षेत्र की जनता की ओर से करोड़ों रुपए के विकास कार्यों हेतु क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के मुखिया दोनों को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित करता हूं।

**आकाश रघुवंशी**
उपाध्यक्ष, नगर परिषद

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 : नगर परिषद सोहागपुर को प्राप्त हुआ प्रदेश में तृतीय स्थान



रविंद्र भवन भोपाल में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा स्वच्छता सम्मान समारोह से प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद सोहागपुर को 25 हजार से 50 हजार जनसंख्या की श्रेणी में फास्टेस्ट मूवर सिटी के अंतर्गत प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागड़ी, अपर प्रमुख सचिव संजय दुबे एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन विकास संकेत भोंडवे के द्वारा पुरस्कृत किया गया।



नगर की नई पहचान बनेगा स्वागत द्वार



नगर में व्यापारियों को मिलेगी सौगात
शॉपिंग काम्पलेक्स



पलकमती नदी में जारी है बैराज निर्माण कार्य



नगर वासियों को मिली पार्क की सुविधा

## डबल इंजन की सरकार में विकास की नई इबारत लिखते हुए नगर परिषद सोहागपुर

नवीन बस स्टैण्ड के पास शांपिग काम्पलेक्स निर्माण कार्य (75.00 लाख), विधायक निधि से स्वागत गेट निर्माण कार्य 20.00, अमृत 2.0 योजना अंतर्गत पलकमती नदी पर वाटर वाडी रिजुवेशन निर्माण कार्य 50.81लाख, अमृत 2.0 योजना अंतर्गत हरित क्षेत्र विकास पार्क निर्माण कार्य 29.65 लाख, संजीवनी क्लीनिक सोहागपुर 27.14 लाख, पलकमती नदी पर घाट एवं बैराज निर्माण 399.97 लाख, मुख्यमंत्री मॉनिट अंतर्गत स्टेडियम निर्माण 93.7 लाख, रेस्ट हाउस रोड एवं डिवाडर निर्माण 44.35 लाख, मुख्यमंत्री अद्योसंरचना अतर्गत 1 (चतुर्थ चरण) सीसी रोड निर्माण कार्य 161.63 लाख, कायाकल्प 1.0 अभियान अंतर्गत सी सी रोड निर्माण 78.62 लाख, कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत सी सी रोड निर्माण 92.1 लाख, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 योजना अंतर्गत उपयोगिता जल प्रबंधन परियोजना कार्य 948.00 लाख,स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 योजना अंतर्गत लीगेन्सी वेस्ट डंप साईट रेमिडिएशन परियोजना कार्य 64.51 लाख, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 योजना अंतर्गत एम आर एफ निर्माण सुदृढीकरण कार्य 49.54 लाख, काम जो शीघ्र शुरू होंगे : विधायक निधि से शास्त्री वार्ड में प्रमोद साहू के मकान से ब्रजेश रघुवशी के मकान तक सी सी रोड निर्माण कार्य 3.00 लाख, विधायक निधि से गांधी मंच निर्माण कार्य 5.00 लाख, गांधी वार्ड में जयराम के मकान से एक्सचेंज की दीवार तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य 14.68 लाख, सरदार वार्ड में सीएम राईस एवं वाटिका रेस्टोरेन्ट के पास से पुलिया तक एवं नर्मदापुरम रोड 25.10 लाख, मातापुरा वार्ड में जमनी पुलिया क्रांसिग के पास नाला निर्माण कार्य 14.52 लाख, गौतम वार्ड में विक्की साहू के सामने सीसी नाली निर्माण 3.35 लाख, सुभाष वार्ड में चंदु रघुवंशी के मकान से नरेन्द्र रघुवंशी के मकान तक सी सी नाली निर्माण कार्य 1.07 लाख, रामगंज वार्ड में गुर्जर मोहल्ले में अखिलेश जोशी तक सी सी रोड निर्माण कार्य 5.16 लाख, अम्बेडकर वार्ड में अम्बेडकर जी की प्रतिमा के सामने पुलिया निर्माण कार्य 9.11 लाख, विधायक निधि से रामगंज वार्ड में कोरी समाज हेतु सार्वजनिक मंगल भवन निर्माण कार्य 2.00 लाख

**सौजन्य से : धर्मेंद्र शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सोहागपुर**













## मुख्यमंत्री डा मोहन यादव एवं विधायक विजयपाल के नेतृत्व में विकास कार्य जारी

प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में भारत का हृदय प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत एवं महिला सशक्तिकरण की परिकल्पना को साकार करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने लाड़ली बहनों की राशि भी बढ़ाकर 1500 प्रति माह कर दी है। प्रदेश को उद्योगों से परिपूर्ण करने के लिए देश एवं विदेश के निवेशकों के साथ लगातार समिट जारी है। अच्छी रफ्तार के साथ प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आगे भी प्रदेश की सरकार डॉक्टर यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी कार्य करें ऐसी अपेक्षा है।

कन्नू लाल अग्रवाल,
वरिष्ठ समाजसेवी

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित मध्य प्रदेश की यशस्वी भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में , इन दो वर्षों में प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार का हर कदम जनसेवा, विकास और संवेदनशील प्रशासन का प्रतीक बना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में भी प्रदेश सरकार इसी समर्पण भाव से कार्य करते हुए, विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगी।

गोलू अग्रवाल,
भाजपा नेता एवं समाजसेवी

# श्री नागवंशी के नेतृत्व में पिपरिया कर रहा विकास

**पिपरिया** विधानसभा में करोड़ों रूपयों की लागत से सड़कों का जाल विधायक ठाकुरदास नागवंशी द्वारा किया गया है। पिपरिया के इतिहास में पहली बार किसी विधायक के कार्यकाल में इतनी रोड़ों का निर्माण हो सका है। विधायक नागवंशी का कहना है की जब वह पहली बार वर्ष 2008 में चुनाव जीत कर विधानसभा का दौरा करने के लिए पहुंचे थे तो उनको हर जगह से सड़क बनाने का प्रस्ताव ही मिला करता था। भाजपा सरकार में सड़कों लेकर विशेष कार्य किया गया है। नागवंशी का कहना है की कई किलो मीटर लंबी सड़कों का निर्माण करा कर ग्रामीणों को राहत देने का प्रयास किया गया है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बताया की वर्ष 2022-23 में प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिपरिया विधानसभा के विकास के लिए 15 करोड़ रूपयों की राशि आवंटित की थी। जिसमें सड़कों के लिए निम्नानुसार राशि का आवंटित कर ग्रामीणों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। ग्राम पठा से सलैया तक 1.50 किलोमीटर राशि 195 लाख, ग्राम बनवारी से पुरैना तक 2 किलोमीटर राशि 180 लाख,ग्राम बुधनी से परसवाड़ा तक 2.50 किलोमीटर राशि 225 लाख,ग्राम बोरी से रैयतवाडी तक 1 किलोमीटर राशि 90 लाख,सुरैला से खापरखेड़ा तक 2.50 किलोमीटर राशि 225 लाख,ग्राम पौसेरा से खैरूआ तक 2 किलोमीटर राशि 180 लाख, ग्राम बौर से उदयपुरा तक 1.50 किलोमीटर राशि 135 लाख,ग्राम नयागांव से टड़ा तक 1.50 किलोमीटर राशि 135 लाख,ग्राम अनहाई से जमुनिया तक 4 किलोमीटर राशि 360 लाख,ग्राम उमरधा से करपा तक 1.70 किलोमीटर राशि 153 लाख,ग्राम पौसेरा से सिरपन तक 2.20 किलोमीटर राशि 198 लाख,ग्राम खैरूआ से पौसेरा तक 2.50 किलोमीटर राशि 225 लाख,ग्राम हथनी से नानकोट धारगांव तक 1.50 किलोमीटर राशि 142 लाख,ग्राम पचलावरा से ग्राम माथनी तक 3 किलोमीटर राशि 270 लाख,ग्राम पिसुआ से बिंडाखेड़ा तक 1.80 किलोमीटर राशि 152 लाख की राशि की स्वीकृति कराई है। विधायक के अनुसार कई सड़कों के काम चल रहे कई सड़के बन कर ग्रामीणों के आवागमन के लिए शुरू कर दी गई है। विधायक नागवंशी का कहना है की मैं स्वंय किसी भी सड़क बनाने का प्रस्ताव भेजाता हूं उसके पहले उस गांव में जाकर देखता हूं की यदि पानी भराव की समस्या होती है तो उस स्थान पर सीमेंट रोड़ बनाने का प्रस्ताव भेजा करते है।




## उद्योगों को दिया सुरक्षित माहौल



पिछले डेढ दशक में पिपरिया में दर्जनों खाद्य अधारित उद्योगों ने यहां के किसानी को नए नयाम दिए है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी का कहना है की राज्य सरकार को मेरे द्वारा प्रस्ताव दिया गया था की पिपरिया व आसपास के इलाके में धान-गेंहू-मूंग सहित दलहन का अच्छा खासा उत्पदान होता है। इसके चलते फूड पार्क को विस्तारित किया जाए। सरकार ने मेरे प्रस्ताव को माना और पिपरिया में लगने वाले खाद्य आधारित उद्योगों को बढावा दिया गया। हमारी सरकार ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया की हम आपको अच्छा व सुरक्षित माहौल मुहैया कराएगें आप लोग उद्योग लगाईये। नागवंशी का कहना है की पिपरिया जैसे तहसील स्तरीय मुख्यालय पर करीब 15 राईस मिल व मूंग के करीब आधा दर्जन आधुनिक प्लांट लगाए गए है। एक प्लांट की लागत करीब 10 से 12 करोड़ रूपयों तक आती है। जिसमें सबसीडी भी सरकार प्रदान कर रही है। धान की दराई करके यहां के उद्योगपति पिपरिया के चांवल विदेशों में भी सप्लाई किया करते है। नागवंशी के अनुसार जब पचमढ़ी रोड़ के औद्योगिक ईकाईयों को देखते है तो ऐसा लगता है की हम लोग किसी महानगर में आ गए है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी का कहना है की इन राईस मिलों ने किसानों की आय कई गुना बढा दी है। हमारे व्यापारी लाखों रूपयों का अनाज दिन में खरीदते है। शाम तक किसानों को नगदी भुगतान तक हो जाता है। आसपास के कई जिलों के किसान पिपरिया कृषि उपज मंडी में अपनी उपज बेचने के लिए आया करते है। आधुनिक मिलों के कारण पिपरिया मंडी की आय तो बढ़ ही रही है। इसके साथ ही साथ मजदूरों को भी कई गुना काम मिल रहा है। हर मिल में मजदूरों की कई टोलियां लगाई जाती है। सरकार की उद्योगिक हितैषी नितियों के कारण यह सब संभव हो सका है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी का कहना है की पिपरिया की दाल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी है। पिपरिया में पुरानी दाल मिलों ने सरकार की कई योजनाओं का लाभ लेकर अपने आप को नए स्वरूप में कर लिया है। जिससे इनकी उत्पादन क्षमता कई गुना बढ गई है।

विधायक ठाकुरदास नागवंशी के नेतृत्व में पहली बार नगर नगर विकास की नई इबारत नगर पालिका पिपरिया लिख रही है। नपा अध्यक्ष श्रीमती नीना नवनीत नागपाल ने बताया की जब वह अध्यक्ष बनी तभी से उनके मन में यह बात थी की दूसरे शहरों की सड़के चौडी है परंतु पिपरिया में हर मिनिट सड़को पर जाम लगता हुआ दिखाई देता है। इसके लिए विधायक ठाकुर भैया ने आश्वासन दिया की वह रा'य सरकार से मिल कर सड़को के चौडी करण की योजना में अधिक राशि का आवंटन कराएगें। नगर पालिका को × वर्ष से अधिक हो चला है। इतने समय में ही शोभापुर रोड़ से लेकर मंगलवारा चौराहे तक गुरूद्वारे से लेकर कैफेटेरिया तक व अस्पताल से लेकर तहसील तिराहे तक विधायक नागवंशी के विशेष सहयोग से करोड़ो रूपया मिल सका। जिसके चलते सड़कों को चौड़ा बनाया जा रहा है। नपाध्यक्ष नागपाल के अनुसार पहली बार पिपरिया में डिवाईडर वाली सड़कों को बनाया जा रहा है। जिससे सुंदरता और अधिक आ रही है। नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल कहती है की नागरिकों ने भी सड़कों के लिए हमारा विशेष सहयोग किया है। सड़कों बनाने के लिए पेड़ काटना जरूरी था नहीं तो रास्तों को चौड़ा नहीं किया जा सकता था। यही कारण है की नागरिकों ने वर्तमान स्थिति को समझ कर हमारा सहयोग किया है। सड़के बनने के साथ ही साथ पानी निकासी बहुत बड़ी समस्या हुआ करती थी। विधायक नागवंशी ने साफ कहा की बिना नालियों के निर्माण हम लोग सड़क नहीं बनाएगें। इसके कारण ही पहले नालियों को बनाया जा रहा है। सड़को का ढाल ऐसा की पानी जमा ही नहीं हो। नपाध्यक्ष नागपाल ने विधायक ठाकुरदास नागवंशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की बिना विधायक जी के सहयोग के नगर पालिका इतनी चौडी सड़को का निर्माण कर ही नहीं सकती थी।




**स्वीमिंग पूल बैडमिंटन इंडोर कोर्ट बनेगा :** भाजपा शासित नगर पालिका इन दिनों नगर विकास के लिए तत्परता से विधायक ठाकुरदास नागवंशी के नेतृत्व में काम कर रही है। नपाध्यक्ष नीना नागपाल ने बताया की नपा कार्यालय के पास स्थित गार्डन के पीछे नगर पालिका स्वीमिंग पूल एवं बैडमिंटन का इंडोर कोर्ट बनाने जा रही है। इसके लिए स्थल का निरीक्षण कर पार्षदों से राय ले ली गई है। नागपाल के अनुसार शहर में सार्वजनिक स्वीमिंग पूल नहीं होने से युवाओं को स्वीमिंग सीखने में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। नागपाल के अनुसार कई अभिभावक तो सांडिया में नर्मदाजी में बच्चों को ले जाकर स्वीमिंग सीखाते थे। अभिभावकों ने हम से मांग की थी की नगर पालिका स्वीमिंग पूल बनाए तो बच्चों को सहूलियत हो सकती है। इसी तरह से इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के लिए भी स्कूली बच्चों की बहुत मांग थी। इन दोनो ही सुविधाओं की ओर जब विधायक जी का ध्यान दिलाया तो उन्होने ही सहयोग करते हुए नगर पालिका को इन दोनो सुविधाओं को प्रदाय करने के लिए प्रेरित किया है। नपा गार्डन के पीछे दोनो ही सुविधाओं का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। नपाध्यक्ष के अनुसार इन दोनो ही सुविधाओं में विद्यार्थियों सहित वरिष्ठ नागरिकों को विशेष छूट देने का विचार कर रहे है। बांकी आम नागरिकों से निर्धारित शुल्क वसूल कर सदस्यता दी जाएगी। इस शुल्क के जरिए बैडमिंटन कोर्ट व स्वीमिंग पूल का रख रखाव किया जाएगा। श्रीमती नीना नागपाल ने बताया की स्वीमिंग पूल में ट्रेनर भी रखा जाएगा। इसके साथ ही साथ नाश्ते का स्टाल लगाने का विचार भी किया जा रहा है। जिससे आने जाने वालों को राहत मिल सके।

**हमने यज्ञ संस्कृति बचाई मुनाफा नहीं देखा :** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीना नवनीत नागपाल ने बताया की शहर के सबसे प्राचीन श्रीराम चरित्र मानस यज्ञ सम्मेलन की जमीन को लेकर कई लोगों ने भ्रम फैलाया की नगर पालिका ने जमीन को बेंच कर करोड़ों रूपया कमाई करने की तैयारी कर रही है। परंतु ऐसा नहीं है। नगर पालिका के लिए सबसे पहले हमारी प्राचीन संस्कृति के साथ ही साथ हमारा गौरवशाली इतिहास को सहेजना कर्तव्य है। फिर चाहे इसके लिए नपा को करोड़ों का घाटा ही क्यों ना उठाना पड़े। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीना नवनीत नागपाल ने पहली बार बात करते हुए कहा है की यज्ञ स्थल पर निर्माण कार्य को लेकर श्रीराम चरित्रमानस यज्ञ समिति के पदाधिकारियों से कई माह पहले ही नगर पालिका ने बैठक कर बातचीत की थी। इस दौरान यज्ञ समिति व नपा की टीम ने मौका मुआयना कर वस्तु स्थिति को समझा था। हमने बताया था की यज्ञ में जिस मैदान में हवन कुंड बनता है। वहां पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं होगा। इसके साथ ही साथ जमीन के दूसरे टुकडे पर जहां प्रवचन होते है। वहां हमारे प्रस्तावित शापिंग कांपलेक्स की कुल दुकानों में से 10 दुकान नहीं बना कर करीब 16 हजार फिट के मैदान में आरसीसी का वर्क कराया जाएगा। जिससे की प्रवचन में अ'छी बिछात हो जाएगी। समिति के प्रमुख पदाधिकारी हमारे प्रस्ताव से पूरे तरह से सहमत थे। परंतु इसके बाद अब वर्तमान में फिर से इस मुद्दे को उठा कर कुछ लोग अपनी राजनितिक रोटियां सेकेने का काम कर रहे है। जो लोग ऐसा कर रहे है। वह एक बार यज्ञ समिति से तो बात कर लेते। नीना नागपाल के अनुसार नपा के साथ स्थल निरिक्षण में यज्ञ समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, श्याम हुरकट,रमेश राठी,रमेश पटैल, राजेंद्र हरदेनिया,चंद्रप्रकाश सोनी, चंद्रप्रकाश सोनी,सुधीर मूंदडा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**दुकानें नहीं बनने से 4 करोड़ का नुकसान :** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीना नागपाल के अनुसार प्रवचन के लिए जो जगह खाली छोड़ रहे है। उसको भी सीमेंटेड बनवा रहे है। उस जगह नपा प्रस्तावित शापिंग कांपलेक्स की 11 दुकाने बनना था। जिनको बेंच कर करीब 4 करोड़ की आय नगर पालिका की होती परंतु नगर पालिका ने शहर के सबसे प्राचीन श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन यज्ञ के लिए यह जगह खाली छोड़ दी है। नपा अध्यक्ष ने कहा की इसके बाद भी राजनैतिक रूप से हमको कमजोर करने अफवाहों को हवा देकर यज्ञ की आड़ में हमारे खिलाफ माहौल बनाया गया है। यह पूरा मुद्दा शहर की पंरपरा का था। इसमें दलगत राजनीति होनी ही नहीं थी। हमारे विकास कार्यो से बौखला कर कुछ कांग्रेस नेता अपनी खोई हुई जमीन को बचाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को यज्ञ स्थल की जमीन को दिखाने के लिए लेकर आए जो की इस शहर की गलत परंपरा की शुरूआत जैसा लगा। नागपाल ने बताया की आने वाली जनवरी में यह यज्ञ आयोजित किया जाएगा जो की पुराने यज्ञों की तुलना में काफी भव्य होगा। श्रीमती नागपाल का कहना है की यज्ञ हमारी अस्था का बहुत बड़ा विषय है। इसकी जमीन पर कोई निर्माण कार्य नहीं होने देगें। इस बात का विश्वास जनता को भी है।

